आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 146 | हापुड़, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## विपक्षी सांसदों ने अदाणी मामले पर 'देश नहीं बिकने देंगे' के बैनर के साथ प्रदर्शन किया



नई दिल्ली । विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने अदाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर बृहस्पतिवार को 'देश नहीं बिकने देंगे' लिखे बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कुछ अन्य दलों के सांसद संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने 'वी वांट जेपीसी' के नारे लगाए। उन्होंने मकर द्वार से संसद भवन में प्रवेश करने वाले भाजपा और सहयोगी दलों के सांसदों को तिरंगा और गुलाब का फूल भेंट किया तथा कहा कि 'देश मत बिकने दें।''कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य वरिष्ठ नेता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। विपक्षी सांसद प्रतिदिन अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बुधवार को संसद में प्रदर्शन करते हुए सत्तापक्ष के सदस्यों को तिरंगा एवं गुलाब का फूल भेंट किया था। रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों में अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी और कंपनी के अन्य अधिकारियों पर अमेरिकी अभियोजकों द्वारा अभियोग लगाए जाने के बाद कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल संयुक्त संसदीय समिति से आरोपों की जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी ने हाल ही में इस मामले को लेकर उद्योगपति गौतम अदाणी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। अदाणी समूह ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया है।

## मायावती ने परभणी में संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुँचाए जाने की निंदा की, शांति की अपील की

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने महाराष्ट्र के परभणी में बी आर आंबेडकर की प्रतिमा के पास रखी संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुँचाए जाने की निंदा की और इस घटना के कारण वहाँ उत्पन्न तनाव के बीच शांति की अपील की। मायावती ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, महाराष्ट्र राज्य के परभणी में भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा एवं संविधान का अपमान किया जाना अति-निन्दनीय व शर्मनाक है। इस घटना से पार्टी काफी दु:खी व चिन्तित भी है। बसपा नेता ने कहा, वहाँ की राज्य सरकार, ऐसे जातिवादी व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तुरन्त सख़्त क़ानूनी कार्रवाई करे, वरना वहाँ हालात काफी बिगड़ सकते हैं। सभी से शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने की अपील है। मंगलवार को महाराष्ट्र के परभणी रेलवे स्टेशन के बाहर स्थापित बी आर आंबेडकर की प्रतिमा के पास रखी संविधान की प्रतिकृति को एक अज्ञात व्यक्ति ने क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिसके



कारण वहां आगजनी और पथराव हुआ था। स्थानीय पुलिस के अनुसार, संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुँचाए जाने की खबर फैलने के बाद लगभग 200 लोगों की भीड़ प्रतिमा के पास एकत्र हो गई और नारे लगाने लगी।

## केजरीवाल ने की महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा, चुनाव के बाद खाते में हर महीने आएंगे 2,100 रुपये



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव बिल्कुल नजदीक आ गया है और उसको देखते हुए अब आम आदमी पार्टी ने अपनी घोषणाओं का पिटारा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ऑटो चालकों के बाद दिल्ली की महिलाओं को साधने की कोशिश की है और इसके लिए अरविंद केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना नाम से एक कार्यक्रम में महिलाओं के लिए गुरुवार से ही हर महीने उनके अकाउंट में 1,000 भेजने का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने इस 1,000 को चुनाव के बाद 2,100 रुपये करने का वादा महिलाओं से किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज मैं दिल्ली के लोगों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करने आया हूं और ये दोनों घोषणाएं दिल्ली की महिलाओं के लिए हैं। मैंने वादा किया था कि महिलाओं के अकाउंट में 1 हज़ार रुपये डाले जाएंगे। आज आतिशी के नेतृत्व में ये फैसला कैबिनेट में पास हो चुका है। ये योजना दिल्ली में लागू हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी माताएं और बहनें बच्चों का पालन पोषण करती हैं। घर की जिम्मेदारी उठाती हैं। घर को सही तरीके से चलती हैं और बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाती हैं और यही जिम्मेदार बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य बनते हैं। इसलिए आम आदमी पार्टी ने यह फैसला लिया था कि हम महिलाओं के अकाउंट में 1,000 रुपये हर महीने डालेंगे। यह योजना हमने मार्च में ही बनाई थी ताकि मई और जून से पैसे महिलाओं के अकाउंट में पहुंचने लगें। लेकिन साजिश करके मुझे जेल भेज दिया गया और अब मैं 6 से 7 महीने रहकर जेल से बाहर आया हूं और आते ही मैं आतिशी के साथ मिलकर इस योजना को पूरा करने में जुट गया था। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गुरुवार को सुबह 10 बजे आतिशी के साथ हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला पास हो गया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं अपनी दूसरी बड़ी घोषणा करना चाहता हूं और उसके मुताबिक जिस 1,000 को कैबिनेट से मंजूरी मिली है उसे चुनाव के बाद 2,100 कर दिया जाएगा, क्योंकि हमें कुछ महिलाओं ने आकर कहा था कि महंगाई काफी बढ़ गई है। इसलिए अब 1,000 रुपये की जगह चुनाव के बाद दिल्ली सरकार की तरफ से हर महिला के लिए जो रजिस्ट्रेशन करवाएगी उसके अकाउंट में डाले जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब मैंने यह घोषणा की थी कि मैं बिजली मुफ्त दूंगा तो भाजपा वाले कहते थे कि कैसे कर पाओगे यह नहीं हो सकता। लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं जादूगर हूं और मैं अकाउंट का जादूगर होने के नाते यह जानता हूं कि किन खर्चों को कम करना है और किसकी भरपाई किसकी कटौती से करनी है।

## 'हर घर जल गांव' बसाएगी योगी सरकार, 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में शुरू हुई तैयारी



लखनऊ । योगी सरकार महाकुंभ 2025 में 'हर घर जल गांव' बसाएगी। पेयजल का समाधान, मेरे गांव की पहचान थीम पर यह 'गांव' 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसेगा। इसमें एक तरफ जहां 'जल जीवन मिशन' बुंदेलखंड में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की कहानी सुनाई जाएगी, वहीं दूसरी तरफ महाकुंभ में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नए गांवों की सफलता की दास्तां से भी श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी परिचित होंगे। योगी सरकार के मार्गदर्शन में ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग महाकुंभ में इसकी तैयारी कर रहा है। कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में योगी सरकार के प्रयास से पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। सफलता की इस कहानी को लेकर 'पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान' थीम पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 5 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगी। 51 दिन तक चलने वाली प्रदर्शनी में अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा, जिसमें वे बुंदेलखंड में बदलाव की कहानी बयां करेंगी। बांदा, झांसी, चित्रकूट के जिन गांवों में पानी न होने के कारण शादी नहीं हो पाती थी, वहां भी योगी सरकार ने ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल पहुंचाया। ललितपुर व महोबा के उन गांवों की महिलाएं, पानी ढोने के कारण जिनके सिर से बाल गायब हो गए थे। वे भी डबल इंजन सरकार के अतुलनीय कार्य को महाकुंभ में शुद्ध पानी से जीवन में आए बदलाव की कहानी को बयां करेंगी। ललितपुर से सटे मध्य प्रदेश के बॉर्डर के 'बाल विहट' गांव में एक ही कुआं था। इसमें सांप रहते थे, इसके बावजूद यहां के लोग कभी उसी कुएं का पानी पीते थे। मोदी-योगी सरकार ने इस गांव के लोगों को भी शुद्ध पेयजल पहुंचाया। यहां के ग्रामीण भी बदलाव की गाथा बयां करेंगे। महाकुंभ में देश के विभिन्न राज्यों व हिस्सों से श्रद्धालु, पर्यटक आएंगे। इसलिए प्रदर्शनी में हर जानकारी बहुआयामी भाषाओं में मिलेगी। यहां हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, तेलगू और मराठी में लोग जल जीवन मिशन के माध्यम से बदले यूपी के बारे में अवगत हो सकेंगे। प्रदर्शनी में जल जीवन मिशन से विंध्य-बुंदेलखंड में आए बदलाव को लेकर सफलता की कहानी का भी संकलन पुस्तक के माध्यम से प्रदर्शित होगा। ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग की तरफ से महाकुंभ में 'जल मंदिर' भी बनाया जाएगा। 'जल मंदिर' में भगवान शिव की जटा से गंगा धरती पर आएंगी। इसके जरिए संदेश दिया जाएगा कि जल प्रसाद है। जल जीवनदायी है। इसे बर्बाद न करें, बल्कि इसका संरक्षण करें। 'जल मंदिर' में सुबह-शाम जल आरती भी होगी। इस आरती में जल जीवन मिशन की गाथा, जल संरक्षण का संदेश भी होगा।

## दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिलने अचानक हाथरस पहुंचे राहुल


हाथरस । सांसद राहुल गांधी यूपी के हाथरस पहुंचे। राहुल के अचानक हाथरस पहुंचने की खबर से हाथरस का मूलगादी गांव और चंद्रपा थाना चर्चा में आ गया, जहां चार साल पहले एक दलित बेटी की मौत ने प्रदेश और देश में सियासी तूफान खड़ा कर दिया था। इससे पहले प्रियंका गांधी के साथ 24 नवंबर को संभल हिंसा में मारे गए पांच नौजवानों के परिवारों से राहुल गांधी ने मुलाकात की थी। यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने राहुल गांधी के हाथरस दौरे पर कहा कि राहुल गांधी हताश हैं, उन्हें यह भी नहीं पता कि हाथरस मामले की सीबीआई जांच हो चुकी है और मामला कोर्ट में है। कभी उन्हें संभल जाना है, कभी अलीगढ़ जाना है। यूपी इंफ्रास्ट्रक्चर, कानून-व्यवस्था के मामले में सबसे बेहतर राज्य बनने की ओर अग्रसर है। वे यहां अराजकता की आग और लोगों को भड़काना



चाहते हैं। बता दें 14 सितंबर 2020 को हाथरस के बूलगढ़ी गांव में 19 साल की एक दलित युवती घायल अवस्था में मिली थी। पीड़िता अपनी मां और भाई के साथ स्थानीय चंदपा थाने पहुंचती है, थाने में पीड़िता के भाई ने आरोप लगाया कि गांव के संदीप ने उसकी बहन के साथ गलत काम किया है। बिगड़ती हालत देख पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस घटना के अगले दिन 15 सितंबर को एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। मामला तब तूल पकड़ गया जब घटना के 5 दिन बाद 19 सितंबर को पीड़िता ने बयान दिया कि संदीप के साथ दो अन्य लड़के और थे, उसके साथ छेड़छाड़ भी की गई और जबान काट दी गई।

## 'जल जीवन मिशन' ने ग्रामीण महिलाओं को बनाया सशक्त - पीएम मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 'जल जीवन मिशन' को ग्रामीण भारत के लिए वरदान बताया। उन्होंने कहा, ये मिशन ग्रामीण महिलाओं को सशक्त करने में अहम भूमिका निभा रहा है। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर कहा, अपने दरवाजे पर स्वच्छ पानी के साथ, महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं। हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक ने एक रिपोर्ट में बताया कि जल जीवन मिशन का ग्रामीण भारत की महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इस मिशन के तहत, अब अधिक घरों में नल के पानी की सुविधा उपलब्ध है, जिससे ग्रामीण महिलाओं को पानी लाने में लगने वाला समय बचा है और इसके परिणामस्वरूप उनकी कृषि और अन्य कार्यों में भागीदारी बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक जिन परिवारों को पानी लाने के लिए बाहर से पानी लाना पड़ता था, उनमें यह संख्या 8.3 प्रतिशत घट गई है। इससे महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी में 7.4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बिहार और असम जैसे राज्यों में, जहां पहले पानी की सुविधा नहीं थी, महिला कार्यबल में 28 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हुआ है, जो दर्शाता है कि इन राज्यों में नल के पानी तक पहुंच ने महिलाओं को अधिक काम करने और अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने का अवसर दिया है। बता दें कि जल जीवन मिशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 को लॉन्च किया था, जिसका उद्देश्य हर ग्रामीण घर में नल जल कनेक्शन देना है। जब यह योजना शुरू हुई थी, तब केवल 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों में नल का पानी था, जो कि कुल घरों का 17 प्रतिशत था। लेकिन अब तक इस मिशन के तहत 11.96 करोड़ नए कनेक्शन जोड़कर यह आंकड़ा बढ़कर 15.20 करोड़ घरों तक पहुंच चुका है। इसका मतलब है कि अब 78.62 प्रतिशत ग्रामीण घरों में नल का पानी उपलब्ध है। मिशन का प्रभाव विभिन्न राज्यों में अलग-अलग था। उत्तर प्रदेश में, जहां पहले पानी लाने वाले परिवारों की संख्या अधिक थी। वहां अब नल कनेक्शन से महिलाओं की कृषि कार्यों में भागीदारी 17.3 प्रतिशत बढ़ी। ओडिशा में भी पानी लाने वाले परिवारों की संख्या में 7.8 प्रतिशत की कमी आई। गैर-भाजपा शासित राज्य पश्चिम बंगाल में भी महिलाओं की कृषि समेत अन्य गतिविधियों में भागीदारी 15.2 प्रतिशत बढ़ी। जो यह बताता है कि पानी की सुविधा ने महिलाओं के शारीरिक बोझ को कम किया है और उन्हें अधिक काम करने का अवसर दिया है। हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों में भी जल जीवन मिशन ने प्रभावी परिणाम दिखाए हैं। हिमाचल प्रदेश में पानी लाने वाले घरों में 19.4 प्रतिशत की कमी आई, जबकि तेलंगाना में यह कमी 30.3 प्रतिशत तक पहुंच गई। झारखंड और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में भी जल जीवन मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिला भागीदारी और उत्पादकता में सुधार किया है। झारखंड में महिलाओं की कृषि में भागीदारी 13.7 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मध्य प्रदेश में पानी लाने वाले घरों में 17.6 प्रतिशत की कमी आई, जिससे ग्रामीण उत्पादकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 'जल जीवन मिशन' ने न केवल आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है, बल्कि



स्वास्थ्य और शिक्षा पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। केरल जैसे राज्यों में स्वच्छ पानी की उपलब्धता से जलजनित बीमारियों में कमी आई है, जिससे बच्चों को नियमित रूप से स्कूल जाने का अवसर मिला है।

## राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा, संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर चर्चा का अनुरोध किया

नई दिल्ली । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर संसद के दोनों सदनों में दो दिवसीय चर्चा का अनुरोध किया है। राहुल गांधी ने पत्र में कहा, मैं सभी विपक्षी दलों की ओर से आपको यह पत्र लिखकर संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर संसद के दोनों सदनों में दो दिवसीय चर्चा का अनुरोध कर रहा हूं। इससे आज सेंट्रल हॉल में आयोजित विशेष समारोह को आगे बढ़ाया जा सकेगा। यह ऐतिहासिक अवसर सभी सांसदों को सामूहिक रूप से संविधान के निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर की विरासत पर विचार करने का एक अमूल्य अवसर प्रदान करता है। राहुल गांधी ने पत्र में कहा कि इस तरह की विशेष चर्चाओं के कई उदाहरण पहले भी रहे हैं।

2015 में, दोनों सदनों ने 26 नवंबर को डॉ. अंबेडकर की 125वीं जयंती मनाने के लिए दो दिवसीय, 13 घंटे की चर्चा की थी। हमने 9 अगस्त 2017 को भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ और 2022 में देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भी दोनों सदनों में चर्चा की थी। कांग्रेस ने पत्र में कहा कि मुझे विश्वास है कि आप (लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला) हमारे अनुरोध पर सहमत होंगे। मुझे विश्वास है कि इस तरह की बातचीत लोकतंत्र की भावना को मजबूत करेगी और संविधान द्वारा परिकल्पित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों के प्रति संसद की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी। दो दिवसीय चर्चा के बाद सरकार के विधायी एजेंडे पर विचार किया जा सकता है।

बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर बहस होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 दिसंबर को जवाब देंगे। वहीं इस मुद्दे पर राज्यसभा में 16 और 17 दिसंबर को सांसद चर्चा करेंगे। राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे।

## राष्ट्रपति ने नेपाल के सेनाध्यक्ष को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक से सम्मानित किया

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को नेपाल के सेनाध्यक्ष सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष अलंकरण समारोह में नेपाली सेना के प्रमुख सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगदेल को उनकी सराहनीय सैन्य शक्ति और भारत के साथ नेपाल के दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और बढ़ावा देने में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। नेपाल के सेनाध्यक्ष सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल 11 से 14 दिसंबर तक भारत की यात्रा पर हैं।

जनरल अशोक राज सिगडेल की यात्रा का उद्देश्य भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग सुदृढ़ करना और दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करना है। नेपाल के सेना प्रमुख ने 11 दिसंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था।





# संपादकीय

## सलाह दो, पर ध्यान से

काफी पहले की बात है। धर्मबुद्धि और पापबुद्धि नाम के दो दोस्त रहा करते थे। एक दिन पापबुद्धि ने सोचा, मेरे अंदर दिमाग कम है, इसीलिए मैं गरीब हूं। ऐसा करता हूं कि धर्मबुद्धि के साथ व्यापार करके खूब सारा पैसा कमाता हूं। बाद में उसकी संपत्ति भी हथिया लूंगा और आराम से रहूंगा। इस तरह की योजना बनाकर पाप ने धर्म से कहा, मेरे दोस्त, तुम्हारी उम्र अब ढल रही है। अब अपने बच्चों के साथ विश्व की यात्रा पर निकल जाओ, क्योंकि बिना यात्रा के और अधिक धन और ज्ञान अर्जित नहीं कर पाओगे। धर्म को पाप की यह सलाह काफी पसंद आई और वह विदेश यात्रा पर निकल पड़ा। जाते हुए पाप भी उसके साथ हो चला। दोनों ने विदेशों में खूब धन कमाया। अब घर लौटने का समय आ गया था। जैसे ही दोनों शहर के बाहर पहुंचे तो पाप ने धर्म से कहा, यह सारा धन घर ले जाना उचित नहीं है, क्योंकि रिश्तेदार और दोस्तों की नीयत इसे देखकर खराब हो सकती है। इसलिए हमें सारा धन जंगल में एक स्थान पर दबा देना चाहिए। जब भी हमें आवश्यकता होगी तो हम यहां आ जाएंगे और पैसा निकाल लेंगे। धर्म, पाप की बातों में आ गया। उसने एक घड़े में सारा धन डालकर उसे जमीन में गाढ़ दिया। फिर दोनों ने उस जगह को पत्तों-झाडियों से ढक दिया। दोनों अपने-अपने घरों की ओर चले गए। उसी रात पाप उस जंगल में फिर गया। उसने मटका निकाला और सारा धन चुराकर अपने घर ले आया। अगली सुबह, वह धर्म के पास गया और उससे कहा, जंगल चलते हैं। थोड़ा धन निकाल लाते हैं। जैसे ही दोनों जंगल पहुंचे और उस जगह को देखा तो धर्म के होश उड़ गए। वहां खाली घड़ा पड़ा था। पाप ने नाटक करते हुए चिल्लाना शुरू कर दिया, धर्म तुमने सारा धन चुरा लिया। तुम ही चोर हो। इस घड़े में हम दोनों की कमाई थी, तुम इसे अकेले नहीं रख सकते। यह सुनते ही धर्म की आंखों में आंसू आ गए। उसने कहा कि वह चोर नहीं है। लेकिन पाप ने कहा, इसका फैसला तो न्यायालय में जाकर ही होगा। जब कोर्ट में यह मामला पहुंचा तो पाप ने कहा, मैं जंगल के देवता को अपने गवाह के तौर पर पेश करना चाहता हूं। वही बताएंगे कि कौन दोषी है। जज ने यह बात सुनकर कहा कि वह अगली सुबह जंगल में सुनवाई करेंगे। यह सुनकर पाप बड़ा खुश हुआ और घर लौटकर उसने पिता से कहा, पिताजी, मैंने धर्म की सारी दौलत चुरा ली है। अब मैं आपकी मदद से कोर्ट में यह केस जीत सकता हूं। आप मेरी मदद कीजिए। पिताजी ने कहा, बेटे मैं किसी तरह से तुम्हारी मदद कर सकता हूं? पाप बोला, जंगल में एक बड़ा पेड़ है। आप उस पेड़ के खोखले में जाकर छिप जाएं। कल सुबह जब जज वहां आएंगे, तो मैं आपसे सच बताने को कहूंगा। तब आप बता देना कि चोरी धर्म ने ही की है। यह सुनकर पाप के पिता जाकर उस पेड़ में छिप गए। अगले दिन सुबह, पाप और धर्म निश्चित समय पर जंगल जा पहुंचे। जब जज आए तो पाप ने चिल्लाना शुरू कर दिया, हे सूर्य, चंद्रमा, हे दिन एवं रात तुम सभी गवाह हो कि चोरी किसने की है... हे जंगल के देवता, बताइए कि चोर कौन है? यह सुनते ही पिता ने पेड़ के भीतर से ही कहा, धर्म ने ही सारा धन चुराया है। यह सुनते ही जज सारा माजरा समझ गए। जज ने कहा, धर्म, तुम इस पेड़ के खोखले भाग को झाड़ से भर दो, फिर उसमें तेल डालकर आग लगा दो। यही तुम्हारी सजा है। जैसे ही धर्म ने आग लगाई तो पाप के पिता ने चिल्लाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर सैनिकों ने उसे बाहर निकाला। पिता ने बाहर आते ही कहा, दुष्ट बेटे, मैंने तेरे लिए यह सब किया और तूने मुझे ही नहीं बचाया। जज साहब, चोरी पाप ने की है। इतना कहने के बाद पिता की मृत्यु हो गई। यह सुनते ही राजा के सैनिकों ने पाप को पकड़ लिया। जज ने उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई।

## मार्ग शीर्ष अमावस्या के दिन पूर्वजों का तर्पण करना शुभ

हिंदू धर्म में हर अमावस्या और पूर्णिमा का बहुत ही अधिक महत्व है। इन्ही में से एक अमावस्या है। मार्ग शीर्ष की अमावस्या। यह अमावस्या मार्गशीर्ष माह में पड़ती है। इस अमावस्या का महत्व कार्तिक अमावस्या से कम नहीं है।जिस प्रकार कार्तिक मास की अमावस्या को लक्ष्मी का पूजन कर दीपावली बनाई जाती है, उसी तरह इस दिन भी देवी लक्ष्मी का पूजन करना शुभ होता है। इसके अलावा अमावस्या होने के कारण इस दिन स्नान, दान और अन्य धार्मिक कार्य आदि भी किए जाते है। मार्ग शीर्ष अमावस्या के दिन को पितरों का दिन भी माना जाता है। इस दिन पूर्वजों से संबंधित काम करना बहुत शुभ माना जाता है। इस महिनें का महत्व हिंदू धर्म के पुराणों में अधिक महत्व बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि देवों से पहले पितरों को प्रसन्न करना चाहिए। जिन व्यक्तियों की कुण्डली में पितृ दोष हो, संतान हीन योग बन रहा हो या फिर नवम भाव में राहू नीच के होकर स्थित हो, उन व्यक्तियों को इस दिन ब्रत जरुर रखना चाहिए। इस व्रत को करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। विष्णु पुराण के अनुसार श्रद्धा भाव से अमावस्या का व्रत रखने से पितृगण ही तृप्त नहीं होते, अपितु ब्रह्मा, इंद्र, रुद्र, अश्विनी कुमार, सूर्य, अग्नि, पशु-पक्षी और समस्त भूत प्राणी भी तृप्त होकर प्रसन्न होते हैं। भगवान कृष्ण ने पवित्र गीता में कहा है कि महीनों मे मैं मार्गशीर्ष माह हूं तथा सत युग में देवों ने मार्ग-शीर्ष मास की प्रथम तिथि को ही साल की शुरुआत होगी। मार्गशीर्ष अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन स्नान करते समय नमो नारायणाय या गायत्री मंत्र का उच्चारण करना फलदायी होता है।

## 13 दिसंबर 2024 का पंचांग

सूर्योदय- 07.03 प्रात-
सूर्यास्त- 05.38 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 03.44 दोपहर
चंद्र अस्त- 05.45 प्रात-
चंद्रमा- रात्रि- 01.19 उपरांत वृषभ राशि में।





आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-12 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष-28 पक्ष- शुक्ल पक्ष 13 तिथि-त्रयोदशी सायं- 07.40 तक बाद में चतुर्दशी, नक्षत्र-भरणि प्रात- 07.50 तक बाद में रोहिणी, योग-शिव प्रात- 11.53 तक बाद में सिद्ध, करण-कौलव प्रात- 09.03 तक बाद में तैतिल साय- 07.40 तक बाद में ग़र प्रात- 06.18 तक बाद में वणिज, राहु काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक यमगंड दोपहर- 03.00 से 04.30 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त प्रात-11.59 से 12.42 तक दुमुहूर्त प्रात- 09.10 से 09.52 तक दोपहर- 12.42 से 01.24 तक अमृत काल- प्रात- 03.36 से 05.03 तक ब्रह्म मुहूर्त- प्रात- 05.27 से 06.15 तक।

## आज 13 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- घर में मेहमान आ सकते है, आर्थिक विकास धीरे परंतु धन की कमी नहीं होगी, खेल क्षेत्र में आपको मौका मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-76

वृषभ- आर्किटेक्ट को नया कार्य मिलेगा, पैथोलॉजी, होम्योपैथिक दवाई की दुकान है तो कार्य चलेगा, इंजीनियर है तो बैंक में जॉब मिल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-77

मिथुन- बड़े रिस्क अभी ना लें, ट्रांसपोर्ट,शिपिंग, डिलिवरी आदि कार्य में उन्नति होगी, कोई चुनाव लड़ना चाह रहे थे तो मुश्किल होगी
भाग्य प्रतिशत-54

कर्क- क्रिएटिव कार्य में आगे बढ़ेंगे, बंद व्यवसाय के चलने की उम्मीद बढ़ेगी, स्किन में समस्या का ध्यान रखें, रिश्तेदारों से मुलाकात होगी।
भाग्य प्रतिशत-74

सिंह- वैवाहिक संबंधों में नीरसता आ सकती है भावनाओं को समझे, सरकारी कार्य में आगे रहेंगे, लोहा, कंस्ट्रक्शन, कार्य में परेशानी होगी।
भाग्य प्रतिशत-52

कन्या- आत्मविश्वास बढ़ेगा, फाइनेंस भी बेहतर होगा, मनचाहा घूमना फिरना कर पाएंगे, व्यवसाय में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-70

तुला- पैसे की कमी दूर होगी कोई रास्ता मिलेगा, कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी, केटरिंग, खानसामा, मंडप आदि कार्य चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-72

वृश्चिक- आपकी वाणी का लोगों पर प्रभाव पड़ेगा, टेंशन कम होगी, आर्थिक मजबूती पर ध्यान देंगे, नेटवर्किंग से फ़ायदा होगा।
भाग्य प्रतिशत-76

धनु-आपकी शिक्षा का करियर में लाभ मिलना शुरू होगा, अंतर्मन को मजबूत रखें, ज्योतिष आदि की सहायता मिलेगी, बाहर से सामान लाकर बेचने से मुनाफा बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-76

मकर- स्किन रोग हो सकता है, थोड़ा तनाव सम्भव है अटकलों के साथ आर्थिक लाभ होगा, बीपी का ध्यान रखें,क्रोध ना करें।
भाग्य प्रतिशत-54

कुम्भ- सेहत में थोड़ी परेशानी दिखती है ध्यान रखें, टेक्निकल क्षेत्र में बेकार थे तो कार्य मिलेगा, बैंक का लेनदेन को सही से करें।
भाग्य प्रतिशत-53

मीन- जुड़े धन से महत्वपूर्ण कार्य करेंगे, नसों की शुगर की समस्या बढ़ सकती हैं, पब्लिकेशन, ड्रेस व्यवसाय, कानून कार्य से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-54

## अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल ने वर्ल्डवाइड ग्रॉस 1000 करोड़ रुपये की कमाई की



मुंबई । दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल ने वर्ल्डवाइड ग्रॉस 1000 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। पुष्पा 2- द रूल रिलीज के बाद से ही हर दिन नए रिकॉर्ड्स बना रही है।अल्लू अर्जुन की पुष्पाी 2- द रूल बॉक्सर ऑफिस पर कामयाबी का डंका बजा रही है। फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में काफी धांसू कमाई कर रही है। वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में पुष्पा 2 सबसे तेजी से ग्रॉस 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म ने छह दिनों के भीतर दुनिया भर में 1000 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर लिखा सबसे बड़ी भारतीय फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास फिर से लिखा। पुष्पा 2 द रूल 6 दिनों में दुनिया भर में 1000 करोड़ की कमाई करने वाली सबसे तेज़ भारतीय फिल्म बन गयी। पुष्पा 2 हिट्सफास्टेस्ट 1000 करोड़ सुकुमार ने कमर्शियल सिनेमा को फिर से परिभाषित किया।अभी अपनी टिकट बुक करें! पुष्पा- द राइज के सीक्वल पुष्पा 2- द रूल में अल्लू अर्जुन पुष्पा राज की भूमिका में और रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में वापस आ गयी हैं। इस फिल्म में फहाद फासिल की भी अहम भूमिका है।इस फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है और इसका संगीत टी-सीरीज ने दिया है।

## 74 वर्ष के हुये रजनीकांत



मुंबई । दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत आज 74 वर्ष के हो गये। 12 दिसंबर 1950 को बंगलुरू में जन्में रजनीकांत मूल नाम शिवाजी राव गायकवाड बचपन के दिनों से ही फिल्म अभिनेता बनना चाहते थे।रजनीकांत ने परिवार की मदद करने के लिए कारपेंटर से लेकर कुली तक का काम किया। इसी बीच उनका झुकाव सिनेमा की तरफ बना रहा। वह अक्सर स्कूल प्ले में हिस्सा लेते थे। स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद रजनीकांत ने बंगलुरू ट्रांसपोर्ट सर्विस में बतौर बस कंडक्टर काम करना शुरू कर दिया। रजनीकांत की फिल्मोंम दिलचस्पीट थी और वह एक्टिंग करना चाहते थे। इसी शौक की वजह से उन्होंने 1973 में मद्रास फिल्म इंस्टीटट्यूट से एक्टिंग में डिप्लोमा लिया। रजनीकांत कंडक्टरगिरी करते देख सिगरेट उछाल कर पीना, गॉगल के साथ खेलना करते रहते थे। यह एक नाटक के मंचन के दौरान फिल्म निर्देशक के. बालाचंदर उनसे मिले और उनके समक्ष उनकी तमिल फिल्म में अभिनय करने का प्रस्ताव रखा। वर्ष 1975 में के.बालचंद्र के निर्देशन में बनी तमिल फिल्म अपूर्वा रागांगल से रजनीकांत से अपने सिनेमा करियर की शुरूआत की। इस फिल्म में कमल हसन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वर्ष 1978 में प्रदर्शित तमिल फिल्म भैरवी में रजनीकांत को बतौर मुख्य अभिनेता के रूप में पहली बार काम करने का अवसर मिला। यह फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई साथ हीं रजनीकांत भी सुपरस्टार बन गए।वर्ष 1980 में रजनीकांत की एक और सुपरहिट फिल्म बिल्ला प्रदर्शित हुई। बिल्ला अमिताभ की सुपरहिट फिल्म डॉन की रिमेक थी। वर्ष 1983 में प्रदर्शित फिल्म अंधा कानून के जरिये रजनीकांत ने बॉलीवुड में भी कदम रख दिया।इस फिल्म में रजनीकांत की भूमिका ग्रे शेडस लिये हुये थी। दर्शकों को रजनीकांत का अंदाज काफी पसंद आया।अंधा कानून टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी।इसी दौरान रजनीकांत ने जॉन जॉनी जर्नादन में तिहरी भूमिका निभायी हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई करिश्मा नही दिखा सकी।

## यू मुंबा ने तमिल थलाइवाज को बड़े अंतर से हराया, अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचे

पुणे । यू मुंबा ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में बुधवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 106वें मैच में तमिल थलाइवाज को 47-31 के अंतर से हराते हुए अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। 18 मैचों में 10वीं जीत के साथ मुंबा ने तीन स्थान की छलांग लगाई है जबकि थलाइवाज को 17 मैचों में 10वीं हार मिली। मुंबा की जीत में डेब्यूटेंट अजीत चव्हाण (10), जफरदानेश (9), मंजीत (8), लोकेश (4) और परवेश (3) ने चमक दिखाई। दूसरी ओर, थलाइवाज के लिए मोइन शफागी ने 10 अंक के साथ प्रभावित किया। साथ ही साई प्रसाद ने भी पांच अंक लिए। इस सीजन में हरियाणा स्टीलर्स ने बेंगलुरू बुल्स को हराते हुए आज ही प्लेआफ का टिकट कटाया है। बहरहाल, मुंबा ने अच्छी शुरुआत करते हुए चार मिनट के भीतर 4-0 की लीड लेकर थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। जफर ने इसके बाद मल्टी प्वाइंटर के साथ आलआउट लेकर 9-0 की लीड ले ली। सातवें मिनट में हिमांशु ने थलाइवाज का खाता खोला। थलाइवाज ने हालांकि इसके बाद रफ्तार पकड़ी और 4-9 के स्कोर पर मुंबा के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। शफागी लगातार अंक ले रहे थे और उनकी इस शानदार सफलता के दम पर थलाइवाज ने आलआउट लेकर स्कोर 9-10 कर दिया। ब्रेक के बाद चार मिनट के खेल में मुंबा ने 1 के मुकाबले चार अंक लेकर स्कोर 14-10 कर दिया। काफी देर बाद शफागी ने जफर का शिकार कर थलाइवाज के लिए अंक लिया। अगली रेड पर अजीत चव्हाण ने शफागी को आउट कर दिया। इसके बाद हालांकि हिमांशु ने बोनस लिया और नितेश ने मंजीत का शिकार कर स्कोर 13-15 कर दिया। फिर अजीत ने मल्टी प्वाइंटर के साथ स्कोर 17-13 कर थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। थलाइवाज इसका लाभ नहीं ले सके और आलआउट हो गए। हाफटाइम तक मुंबा 22-14 से आगे हो गए थे। इसके बाद मंजीत ने रौनक और बस्तामी को आउट कर लीड 10 की कर दी। शफागी ने हालांकि रिंकू और लोकेश को आउट कर फासला फिर 8 का कर दिया। शफागी ने फिर मंजीत को एंकल होल्ड कर दिया लेकिन फिर डू ओर डाई रेड पर वह लपक लिए गए। अब मुंबा 26-17 से आगे थे। इसके बाद साई ने एक अंक लिया तो जफर ने डू ओर डाई रेड पर दो अंक ले लिए। थलाइवाज अंक ले रहे थे लेकिन मुंबा ने 8 और 9 का फासला बनाए रखा था। इस बीच मंजीत ने रौनक का शिकर कर अजीत को रिवाइव करा लिया। 30 मिनट के बाद मुंबा 30-22 से आगे थे। ब्रेक के बाद मंजीत ने फिर मल्टी प्वाइंट रेड कर फासला 10 का कर दिया। साई ने इसके बाद परवेश का शिकार किया तो जफर ने दो अंक लेकर स्कोर 35-23 कर दिया। जफर ने इसके बाद साई को भी शिकार बना थलाइवाज को आलआउट की ओर धकेल दिया और फिर इसे अंजाम देकर 41-26 की लीड के साथ अपनी जीत लगभग तय कर ली। मुंबा ने हालांकि रफ्तार कम नहीं की और एक मिनट शेष रहते 45-28 की लीड ले ली। थलाइवाज के लिए अब इस मैच में कुछ नहीं बचा था और वे एक बड़ी हार को मजबूर हुए। यह इस सीजन में मुंबा की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

## रुपया चार पैसे टूटकर 84.57 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बृहस्पतिवार को रुपया चार पैसे कमजोर होकर 84.87 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट, विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण घरेलू मुद्रा में कमजोरी आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि निवेशक दिन में जारी होने वाले घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.85 प्रति डॉलर पर खुला और दिन में कारोबार के दौरान यह सीमित दायरे में कारोबार के बाद 84.88 प्रति डॉलर के अपने सार्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। अंत में रुपया चार पैसे टूटकर 84.87 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया दो पैसे की तेजी के साथ 84.83 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये का पिछला न्यूनतम बंद स्तर नौ दिसंबर को दर्ज किया गया था, जब यह डॉलर के मुकाबले 20 पैसे गिरकर 84.86 पर बंद हुआ था।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर और कमजोर घरेलू बाजारों के कारण रुपया अबतक के सबसे निचले स्तर पर आ गया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण डॉलर में मजबूती दर्ज की गई। हालांकि, यह अनुमान के अनुरूप ही रहा। चौधरी ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किसी भी तरह का हस्तक्षेप रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकता है। कारोबारी पीपीआई (उत्पादक मूल्य सूचकांक) और अमेरिका से साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 84.65 से 85.10 के बीच रह सकती है।' इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत घटकर 106.22 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.35 प्रतिशत बढ़कर 73.78 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 236.18 अंक की गिरावट के साथ 81,289.96 अंक पर और एनएसई निफ्टी 93.10 अंक टूटकर 24,548.70 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजारों में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने बुधवार को 1,012.24 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## आयुष्मान खुराना ने फिल्म 'थामा' की शूटिंग शुरू की



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी आने वाली फिल्म 'थामा' की शूटिंग शुरू कर दी है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपने हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म 'थामा' की घोषणा की है, जिसमें आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। आयुष्मान ने फिल्म 'थामा' की शूटिंग शुरू की। इस मौके पर निर्माता दिनेश विजान ने उन्हें एक खास नोट भेजा, जिसमें लिखा था, मैडॉक के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में आपका स्वागत है। आयुष्मान से बेहतर 'अनडेड' थामा कोई और नहीं निभा सकता! हमें भरोसा है कि आपको यह किरदार निभाने में खूब मजा आएगा। 'थामा' एक दिलचस्प प्रेम कहानी का वादा करती है, जिसमें खून और रोमांस का रोमांच होगा। यह फिल्म दिवाली 2025 पर रिलीज होने जा रही है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के साथ परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। फिल्म का निर्देशन 'मूंजा' फेम आदित्य सर्पोतदार कर रहे हैं। इसकी कहानी निरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा ने लिखी है, और इसे दिनेश विजान और अमर कौशिक निर्मित कर रहे हैं।

## आशा भोसले की विरासत को आगे ले जा रही हैं जनाई भोंसले



मुंबई । महान पार्श्वगायिका आशा भोसले की पोती ज़नाई भोसले मनोरंजन जगत में अपना अनूठा रास्ता बना रही हैं। बहुमुखी प्रतिभा की धनी ज़नाई एक अभिनेत्री, डांसर, गायिका, संगीतकार और गीतकार के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं, जो परंपरा को समकालीन शैलियों के साथ सहजता से मिलाती हैं।संगीत में डूबी हुई ज़नाई अपनी दादी आशा भोसले से बहुत प्रेरित थीं, जिनकी अद्वितीय बहुमुखी प्रतिभा और प्रतिभा ने संगीत उद्योग पर एक अमिट छाप छोड़ी है। आशा भोसले के मार्गदर्शन में ज़नाई ने प्रदर्शन कलाओं के लिए गहरा प्यार विकसित किया। अपनी दादी के साथ कालातीत क्लासिक्स गाने से लेकर मंच पर आकर्षक प्रदर्शन करने तक, ज़नाई ने अपने शिल्प के प्रति उल्लेखनीय समर्पण का प्रदर्शन किया है। ज़नाई को जो बात सबसे अलग बनाती है, वह है पारंपरिक संगीत के भावपूर्ण सार को आधुनिक रुझानों की जीवंतता के साथ मिलाने की उनकी क्षमता, जिससे एक ऐसी ध्वनि बनती है जो पीढ़ियों तक गूंजती रहती है। अभिनय और नृत्य में उनके प्रयास उनकी रचनात्मकता और बहुमुखी प्रतिभा को और उजागर करते हैं, जिससे उन्हें विविध दर्शकों से प्रशंसा मिलती है। ज़नाई भोसले की यात्रा आशा भोसले और आर. डी.बर्मन की स्थायी विरासत का प्रमाण है। अपनी जड़ों से जुड़े रहकर और निडरता से नए कलात्मक क्षितिज की खोज करके, वह न केवल अपनी दादी की प्रतिष्ठित विरासत का सम्मान करती है, बल्कि अपनी खुद की विरासत की नींव भी रखती है। प्रतिभा, जुनून और दूरदर्शिता के साथ, ज़नाई भोसले, बर्मन और मंगेशकर के नाम को एक उज्ज्वल और आशाजनक भविष्य की ओर ले जा रही है।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराया



दक्षिण अफ्रीका । साउथ अफ्रीका बनाम इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा वनडे सेनवेस पार्क में खेला गया. इस मैच में इंग्लैंड न साउथ अफ्रीका को 6 विकेट से हरा दिया. इसके साथ मेहमान टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से कब्जा जमाया. इंग्लैंड की ओर से इस मैच में टैमी ब्यूमोंट ने 46 गेंदों में 65 रनों की नाबाद पारी खेली. इस दौरान टैमी ब्यूमोंटने 10 चौके लगाई. टैमी ब्यूमोंट को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.इसके अलावा गेंदबाजी में सोफी एक्लेस्टोन ने फिर एक बार कमाल का प्रदर्शन किया. सोफी एक्लेस्टोन ने 10 ओवर में के मेडेन और 26 रन देकर 2 विकेट चटकाई और इंग्लैंड के लिए सबसे सफल गेंदबाज रही इससे पहले इंग्लैंड महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका की शुरआत शानदार हुई. दोनों सलामी बल्लेबाजों ने 50 रन ओपनिंग साझेदारी की. कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने सबसे ज्यादा 68 गेंदों में 61 रन बनाए. इसके अलावा एनेके बॉश 19 रन, नादिन डी क्लार्क 14 रन,मैरिज़ान कप्प 38 रन और क्लो ट्रायोन 20 रन बनाए. वहीं इंग्लैंड की ओर से ऐलिस कैप्सी, चार्ली डीन और सोफी एक्लेस्टोन 2-2 विकेट लिये. जबकि लॉरेन बेल को एक विकेट मिला. लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी इंग्लैंड टीम को बारिश से बाधित मैच में डीएलएस नियम के अनुसार 23 ओवर में 152 रन का टारगेट मिला. जिसे मेहमान टीम ने 19 ओवर में 4 विकेट के खोकर 153 रन बनाकर हासिल कर लिया. इंग्लैंड की ओर से टैमी ब्यूमोंट ने 46 गेंदों में 65 रनों की नाबाद पारी खेली. इसके अलावा एमी जोन्स ने 36 गेंदों में 49 रनों की नाबाद पारी खेली. वहीं साउथ अफ्रीका की ओर से मैरिज़ान कप्प ने 5 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट मिला।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# डॉ मीनाक्षी भराला ने किया धाकड़ अंदाज में शिकायतों का निस्तारण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़ । हापुड़ जनपद में पहुंची डॉ मीनाक्षी भराला ( सदस्य राज्य महिला आयोग) की महिला जनसुनवाई में अपनी शिकायत लेकर आए सभी शिकायतकर्ताओं ने अपने समस्या को बताया, तथा डॉ मीनाक्षी भराला ने अपने धाकड़ अंदाज में सभी शिकायत कर्ताओं की शिकायतों को ध्यान से सुनकर उनसे संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए। और सभी शिकायतों को पूर्ण रूप से जल्द से जल्द निस्तारण करने के आदेश दिए। जनसुनवाई के दौरान सभी अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद डॉ मीनाक्षी भराला ने महिला थाना ,कस्तूरबा स्कूल , और वन स्टॉप का भी औचक निरीक्षण किया।

# सर्वाधिक 3.11 लाख की बोली लगी नीलामी में करीब 20 व्यापारियों ने हिस्सा लिया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार



हापुड़। जनपद हापुड़ की नगर पंचायत बाबूगढ़ में पुराने सामान की गुरुवार को नीलामी की गई। बोलीदाताओं ने बोली लगाई। सर्वाधिक 3.11 लाख की बोली लगी। नीलामी में करीब 20 व्यापारियों ने हिस्सा लिया। जनपद हापुड़ की नगर पंचायत बाबूगढ़ में पुराने सामान की गुरुवार को नीलामी आयोजित हुई। डोजर सेट, पाइप, पंखा, कूलर, स्टार्टर, फागिंग मशीन, रिक्शा, लोहे के गेट गाटर, डस्टबिन, हाथ का ठेला, सवारी वाला रिक्शा, कुर्सी, गाड़ी, लाइट कवर समेत कुल 56 आइटम नीलाम किए गए। नीलामी को लेकर पहले ही दिशा-निर्देश जारी हो गए थे जिसके बाद गुरुवार को करीब 20 व्यापारियों ने बोली लगाई जिसमें सर्वाधिक बोली तीन लाख 11 हजार रुपए की लगी। इस दौरान नगर पंचायत बाबागढ़ की चेयरमैन सुधा देवी, तहसीलदार प्रवीण गुप्ता, अधिशासी अधिकारी इला प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# गाजियाबाद बस अड्डे को संवारने का काम जल्द शुरू होगा

गाजियाबाद । ट्रांस हिंडन गाजियाबाद पुराना बस अड्डा को संवारने का काम 20 दिन में शुरू हो जाएगा। कार्य को प्रगति देने के लिए बस अड्डे को अस्थायी रूप से शिफ्ट करने के प्रस्ताव को मुख्यालय ने मंजूरी दे दी है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों का दावा है कि जल्द जीडीए से नक्शा भी पास हो जाएगा, जिसके बाद कार्य पूरी गति से किया जाएगा। गाजियाबाद बस अड्डे को 61 करोड़ रुपये पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। टेंडर के बाद करीब पांच माह से कंपनी साइट पर तैयारी कर रही है। मगर नक्शा पास न होने और बस अड्डा शिफ्ट न होने से कार्य रुका हुआ था। गाजियाबाद के क्षेत्रीय प्रबंधक केएन चौधरी का कहना है कि गाजियाबाद बस अड्डे को साहिबाबाद बस अड्डा परिसर में अस्थायी रूप से शिफ्ट करने के 43 लाख रुपये के प्रस्ताव को मुख्यालय ने स्वीकृत कर दिया है। इसका टेंडर भी हो चुका है और गुरुवार से शिफ्टिंग का काम भी शुरू हो चुका है। 20 दिन में कार्यालय व कैश कलेक्शन आदि के लिए जरूरी परिसर तैयार हो जाएगा और तुरंत काम वाली साइट के सभी कार्यालय खाली कर दिए जाएंगे। इसके बाद कंपनी निर्माण कार्य शुरू कर देगी। क्षेत्रीय प्रबंधक का कहना है कि नक्शे से जुड़ी सभी आपत्तियों का निस्तारण कर दिया है। नक्शे के लिए जरूरी सभी तरह की अनुमति भी प्राप्त कर जीडीए में जमा करा दी हैं। जीडीए के अधिकारियों से बात हुई है। अगले 20 दिन में नक्शा भी पास हो जाएगा, जिसके बाद निर्माण कार्य पूरी रफ्तार के साथ होगा।

# प्रभु राम के मंदिर में विराजमान होने की पहली वर्षगांठ पर मनेगा महा उत्सव



अयोध्या । अयोध्या में एक बार फिर महा उत्सव की तैयारी हो रही है। यह महा उत्सव प्रभु राम के मंदिर में एक साल विराजमान होने के मौके पर मनाया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट प्रभु राम के पहले वर्षगांठ को ऐतिहासिक और भव्य बनाने की तैयारी में जुट गया है। अगले साल 11 जनवरी 2025 को पौष माह की द्वितीया तिथि पड़ रही है। इस तिथि के दिन साल 2024 में प्रभु राम मंदिर में विराजमान हुए थे, जिसके बाद अब 10-11 और 12 जनवरी इन तीन दिनों तक अयोध्या में प्रभु राम के विराजमान होने की पहली वर्षगांठ मनाई जाएगी। ऐसे में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी की गई है, जो एक दिन पहले शुरू होगा और एक दिन बाद तक चलेगा। ऐसे में 10 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठम महोत्सव के वार्षिक उत्सव शुरू किया जाएगा, जिसमें रामाचा का पाठ वेद का पारायण रामचरितमानस का पाठ यज्ञ अलग-अलग तरीके के धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। इस तीन दिवसीय महा उत्सव में आम श्रद्धालु भी शामिल हो। इस पर राम मंदिर ट्रस्ट विचार विमर्श भी कर रहा है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने बताया कि पहली वर्षगांठ को राम मंदिर ट्रस्ट प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाएगा। इसके लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। जहां तीन दिनों तक यज्ञ होगा साथ ही वेद पाठ और रामचरितमानस का पाठ होगा। जहां प्रभु राम का अभिषेक किया जाएगा।

# हरिद्वार से उज्जैन महाकालेश्वर के लिए पैदल यात्रा कर 51 लीटर जल लेकर शिव भक्त पहुंचा हापुड़

▶▶ जनपद में शिव भक्त कमल आर्य का वार्ड नंबर 21 सभासद पवन भास्कर ने किया फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



हापुड़ । हापुड़ पहुंचे हरियाणा पानीपत निवासी शिव भक्त कमल आर्य हरिद्वार से उज्जैन महाकालेश्वर के लिए पैदल यात्रा कर 51 लीटर जल लेकर पहुंचा हापुड़, शिव भक्त कमल आर्य ने बताया उसका उदेश्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना है, हापुड़ में कमल शिव भक्त का सभासद पवन भास्कर सहित अन्य लोगों ने फूलों की वर्षा कर फूल माला पहना कर किया जोरदार स्वागत, इस मौके पर वार्ड नंबर 21 सभासद पवन भास्कर, पंकज भास्कर, दीपू त्यागी, धर्मेंद्र कुमार, सचिन सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# लगान लायंस ने पैंथर्स को 41 रन से शिकस्त दी

गाजियाबाद । लगान लायंस ने एक्सटेंशन स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पैंथर्स को 41 रन से शिकस्त देकर अगले दौर में जगह बनाई। मैन ऑफ द मैच बने अखंड सिंह ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए चार विकेट लेने के साथ 39 रन की पारी भी खेली। राजनगर एक्सटेंशन स्थित क्रिकेट ग्राउंड में टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट खेला जा रहा है। गुरुवार को टूर्नामेंट में पैंथर्स और लगान लायंस के बीच मुकाबला खेला गया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लगान लायंस ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 189 रन का स्कोर बनाया। उसकी तरह से अखंड ने सबसे ज्यादा 39 रन, ऋषिकेश ने 31 रन का योगदान दिया। सुमित ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी पैंथर्स की टीम 20 ओवर में 148 रन ही बना सकी। कुणाल ने सबसे ज्यादा 48 रन और पवन ने 29 रन की पारी खेली लेकिन टीम के लिए यह नाकाफी रहा। बल्ले के बाद गेंद से भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अखंड ने चार विकेट लिए। इसके लिए अखंड सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने आंगनवाड़ी केन्द्र बछलौता एवं उच्च प्राथमिक ( कम्पोजिट ) विद्यालय, बछलौता का किया औचक निरीक्षण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार






हापुड़ । हापुड की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने गुरुवार को आंगनवाड़ी केन्द्र नम्बर—2, बछलौता व उच्च प्राथमिक (कम्पोजिट) विद्यालय, बछलौता, विकास खण्ड,जनपद हापुड़ का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र परिसर में सफाई व्यवस्था, रसोई घर, कक्षाओं की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होने बच्चों लिए आहार बनाने की सामग्री की जांच करते हुए रसोईया को निर्देश दिया कि बच्चों को शुद्ध व गर्म भोजन कराया जाएं। सर्दियों के मौसम में बच्चों को विशेष रूप से पोष्टिक आहार दे।जिलाधिकारी ने कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए बच्चों से शिक्षा एवं खानपान से सम्बंधित वार्ता की तथा बच्चो के अक्षर ज्ञानको परखा। इस दौरान उन्होने बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर लिखवाया और उनसे किताबें भी पढ़वाई। साथ ही उन्होने बच्चों से शिक्षा एवं आहार के सम्बंध में भी जानकारी प्राप्त की। जिस पर बच्चों ने कहा कि उन्हें उनकी शिक्षिका बहुत प्रेम से पढ़ाती हैं और भोजन भी प्रतिदिन समय से व अच्छा मिलता है। जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं उच्च प्राथमिक (कम्पोजिट) विद्यालय, बछलौता के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी प्रांगण एवं स्कूल परिसर में साफ—सफाई, स्वच्छता व सौन्दर्यता का विशेष ध्यान रखा जाएं, यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही अपने कर्त्तव्यों का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ पालन करते हुए बच्चों को शिक्षित बनायें। साथ ही किस अध्यापक द्वारा कौन सा विषय किस समय पढ़ाया जाना है, उसकी समय सारणी विद्यालय की प्रत्येक कक्षा में अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए।

# गेस्ट हाउस परिसर में युवक का शव मिला



गाजियाबाद । मोदीनगर मोदी शुगर मिल के गेस्ट हाउस परिसर में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई थी। घटनास्थल की गहनता से जांच-पड़ताल की गई है। एसीपी ने बताया कि युवक की उम्र करीब 25 साल है। उसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पहचान कराने के प्रयास लगातार जारी हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चलेगा।

# संभल हिंसा-स्थानीय तुर्कों के खिलाफ गोलीबारी और पथराव के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

संभल । संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान 24 नवंबर को हुई हिंसा के संबंध में तुर्क समुदाय के कुछ लोगों के खिलाफ दर्ज मामला मुरादाबाद से संभल स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संभल में हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। संभल कोतवाली के थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया, ''मुरादाबाद के पाकबरा पुलिस थाने में शरीफ के बेटे नसीम ने मामला दर्ज कराया था और कल (बुधवार) इसे संभल स्थानांतरित कर दिया गया।''उन्होंने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि नसीम ने आरोप लगाया कि 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में अदालत के आदेश पर सर्वे के दौरान कुछ उपद्रवी इकट्ठा हुए और तुर्क समुदाय के लोगों ने गोलियां चलाईं और पथराव किया। उन्होंने कहा, 'संभल के कोट गर्वी निवासी नसीम का भतीजा वसीम अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी उसे गोली लग गई। उसे मुरादाबाद के एक अस्पताल ले जाया गया जहां उसका आपरेशन किया गया।''भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के तहत तुर्क समुदाय के अज्ञात स्थानीय लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने कहा, ''शुरुआत में मामला जीरो एफआईआर के तौर पर मुरादाबाद में दर्ज किया गया था और अब इसे औपचारिक रूप से जांच के लिए संभल कोतवाली में स्थानांतरित कर दिया गया है।'दरअसल एक याचिका दाखिल कर दावा किया गया था कि जिस स्थान पर मस्जिद है वहां कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था जिसके बाद अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया था और सर्वेक्षण के दूसरे दिन इलाके में हिंसा भड़क उठी थी। उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री और भाजपा नेता नितिन अग्रवाल ने पहले दावा किया था कि हिंसा स्थानीय तुर्क और पठान समुदायों के बीच वर्चस्व के संघर्ष से उपजी है।

# जीएमएस ग्रुप प्रशासन को हर तरह की संभव मदद एवं संसाधन मुहैया कराने के लिए वचनबद्ध-राकेश सिंघल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो






हापुड़। जेएमएस ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के कैंपस में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा पथ पोर्टल की छात्र-छात्राओं के जीवन में उपयोगिता एवं भूमिका पर एक विशाल मेले का आयोजन हुआ इस एकेडमिक भावे मेले का उद्घाटन मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, विशिष्ट अतिथि जनपद के सीडीओ हिमांशु गौतम , डीआईओएस डॉक्टर विनीत त्यागी, सीएमओ डॉक्टर त्यागी, जेएमएस ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंहल, जेएमएस ग्रुप के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर डॉक्टर सुभाष गौतम, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर निधि मलिक, हापुड़ जनपद के नामचीन सरकारी, अर्द्ध सरकारी, प्राइवेट, माध्यमिक कॉलेज के प्रधानाचार्य, डाइट के प्राचार्य, राणा शिक्षण शिविर डिग्री कॉलेज की प्राचार्य आदि ने किया। तो वहीं जेएमएस ग्रुप के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंहल ने सभी अतिथियों का संस्थान में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया। तो वहीं सीडीओ हिमांशु गौतम ने सभी छात्र-छात्राओं के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए सिविल सर्विसेज परीक्षा के कड़े अध्ययन एवं अनुभवों के बारे में बताया। विस्तार रूप से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के समुचित ज्ञान एवं करियर काउंसलिंग के विषय पर हापुड़ की डीआईओएस एवं प्रधानाचार्य ने गहनता से प्रकाश डाला और कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सभी गणमान्य अतिथियों ने जेएमएस ग्रुप के ग्राउंड में भव्यता के साथ अलग-अलग कॉलेज के छात्र-छात्राओं तथा जेएमएस ग्रुप के इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी के छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई। एकेडमिक स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं को देखकर सभी ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया व संस्थान के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंहल ने कहा कि हमेशा जीएमएस ग्रुप हापुड़ जनपद के प्रशासन को हर तरह की संभव मदद एवं संसाधन मुहैया कराने के लिए वचनबद्ध है। जेएमएस आईटी गाजियाबाद के मैनेजर डॉक्टर गौरव शर्मा, प्रवेश प्रभारी अंकित चौधरी, प्लेसमेंट हेड तन्वी घोरने हापुड़ कैंपस में पंख पोर्टल कार्यक्रम को आयोजित करने में अपनी अहम भूमिका निभाई इस मौके पर जेएमएस ग्रुप के सभी विभाग अध्यक्ष प्राध्यापक को एवं स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

# राजकीय पॉलिटेक्निक में दो दिवसीय खेल महोत्सव शुरू

गाजियाबाद । राजकीय पॉलिटेक्निक में गुरुवार से दो दिवसीय खेल महोत्सव की शुरुआत हुई।इस दौरान गुरुवार को पहले दिन 200 मीटर,400 मीटर,1500 मीटर दौड़ में कई खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई। राजकीय पॉलिटेक्निक में गुरुवार से दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉ जानबेग लोनी ने किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने खेल महोत्सव में भाग ले रहे सभी से खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। खेल महोत्सव में बैडमिंटन, दौड़ प्रतियोगिता, लंबी कूद, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक आदि खेलों का आयोजन हो रहा है। गुरुवार को पहले दिन 200 मीटर दौड़ में पहले स्थान पर करीना, दूसरे स्थान पर मीनाक्षी यादव एवं तीसरे स्थान पर तुलसी रही। 400 मीटर दौड़ में खुशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर शबनम और तीसरे स्थान पर खुशी गर्ग रही। बालक वर्ग के 1500 मीटर दौड़ में कैलाश ने सबको पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर रणविजय प्रताप सिंह और तीसरे स्थान पर अभिषेक कुमार रहे। बालिकाओं की लंबी कूद में खुशी ने पहले, करीना ने दूसरा एवं कुमारी नीतू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में रजनीश कुमार ने पहला स्थान पर कब्जा किया। शुक्रवार को भी कई स्पर्धा में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

# दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर कट की मांग को लेकर आंदोलन के दौरान एक किसान की मौत



मुजफ्फरनगर। दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट की मांग को लेकर किसानों के प्रदर्शन के दौरान एक किसान की शामली जिले के बाबरी थाना अंतर्गत भाजू गांव में मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उपजिलाधिकारी हामिद हुसैन ने बताया कि किसान धीरेंद्र (45) की बुधवार को मौत हो गई हालांकि उनकी मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। क्षेत्र के किसान पिछले तीन महीने से दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाजू गांव में फसल की ढुलाई में आसानी के लिए कट की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कट न होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बुधवार को प्रदर्शनकारी किसानों ने मृतक किसान के शव को धरना स्थल पर रखकर उसके परिवार को राहत देने की मांग की। बाद में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत किया और आंदोलनकारी किसानों को आश्वासन दिया। हुसैन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# आपसी रंजिश में युवक को मारी थी गोली, छह गिरफ्तार



नई दिल्ली । मंगोलपुरी में युवक की हत्या मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आपसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपियों के कब्जे से एक पिस्तौल, दो कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया है। चार आरोपियों को स्थानीय पुलिस ने दबोचा है, जबकि दो को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। दो दिसंबर की रात युवक की हत्या हुई थी।

पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि घटना वाली रात में पहले के-ब्लॉक मदर डेयरी बूथ के पास पंकज और आरोपियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। इसके बाद रात में आरोपियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों की पहचान कर ली। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर में कई जगहों पर छापेमारी कर चार आरोपियों इजाजुदीन उर्फ कंप्यूटर, एजाज, नईम और मोइन खान उर्फ मोंटी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद बाकी के दो बदमाशों इमरान उर्फ फरदीन और हरीश उर्फ पिंटू को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 2022 में उसके भतीजे की हत्या विरोधी गुट के लोगों ने कर दी थी।

इसमें पंकज और उसके दोस्त ने कथित तौर पर हमला करने वालों को घटना के लिए उकसाया था। बदला लेने के लिए उसने हत्या की साजिश रची।

# ताऊ के घर जा रही युवती और किशोरी से छेड़छाड़



गाजियाबाद । मोदीनगर नगर की एक कॉलोनी में पैदल ताऊ के घर जा रही युवती और किशोरी के साथ बाइक सवार युवक ने अभद्रता और छेड़छाड़ कर दी। डर के चलते किशोरी घर से बाहर नहीं निकल रही। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। वहीं, वीडियो के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी में महिला परिवार सहित रहती है। उन्होंने बताया कि पुत्री और 15 वर्षीय भतीजी अपने ताऊ के घर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार युवक ने दोनों से अभद्रता और छेड़छाड़ की। युवती ने इसका वीडियो बना लिया। इसके बाद शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के मौके की ओर दौड़े। लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद बेटी और भतीजी घर पहुंचीं और आपबीती सुनाई। महिला ने बताया कि घटना के बाद बेटी और भतीजी बहुत डरी हुई हैं। इस पर महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता से मिले वीडियो के आधार पर आरोपी बाइक सवार युवक की तलाश की जा रही है। जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दुकान का शटर तोड़कर ले गए हजारों का समान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । नहीं थम रहा चोरों का कहर तीन महीने में दूसरी बार दुकान का शटर तोड़कर उड़ाया हजारों रुपये का सामान मोबाइल फ़ोन और असोसरीज़ चुराई गांव बदोली बांगर सेक्टर 154 नोएडा उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही

# महिला मित्र की जन्मदिन की पार्टी में दो युवक आपस में भिड़े,एक की मौत



नोएडा । उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर जिले के थाना बीटा-दो क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में बीती रात एक युवती के जन्मदिन के जश्न में शामिल हुए दो युवकों के बीच कथित तौर पर किसी बात पर झगड़ा हुआ जिसके बाद एक युवक ने दूसरे पर चाकू से हमला किया जिसमें एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि क्षेत्र की एक सोसाइटी में रहने वाली एक युवती का बीती रात को जन्मदिन था और उसके दोस्त जितेंद्र शर्मा (24) और चिराग चौधरी जन्मदिन की पार्टी में आए थे, इसी बीच दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि दोनों युवक मित्र थे और बीटा-दो क्षेत्र में उनका एक कैफे है। गोयल ने बताया कि जन्मदिन की पार्टी में दोनों युवकों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ जिसके बाद चिराग ने जितेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को शक है की दोनों युवती को पसंद करते थे और इसी को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। उन्होंने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है, उससे पूछताछ की जा रही है।

# नोएडा के पवन ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर पुलिस का नाम किया रोशन, सीपी ने किया सम्मानित



नोएडा । 67वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक वैज्ञानिक अनुसंधान एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2024 का आयोजन लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया था। इस प्रतियोगिता में पुलिस फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, कम्प्यूटर, डॉग स्क्वायड और एंटी सेबोटाज चेक जैसे विषयों पर प्रतिस्पर्धा हुई थी। इस प्रतियोगिता में 12 जोन के करीब 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर से हेड कांस्टेबल पवन गौतम भी शामिल हुए थे। जिसमें पवन ने सभी प्रतियोगिताओं के दौरान विशेष सफलता प्राप्त करते हुए जनपद गौतमबुद्ध नगर पुलिस का नाम रोशन कर दिया। पवन की इस सफलता से पुलिसकर्मियों में हर्ष व्याप्त है। 67वीं उप्र पुलिस वार्षिक वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता-2024 में चार मेडल प्राप्त करने पर कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर फील्ड यूनिट प्रभारी हेड कांस्टेबल पवन गौतम को आज पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने प्रशस्ति पत्र व 11 हजार रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सीपी ने पवन गौतम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे ही कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का नाम रोशन करते रहो। उन्होंने रांची में आयोजित होने वाली 68वीं आल इंडिया वार्षिक वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस फोटोग्राफी प्रतियोगिता-2025 में भी प्रतिभाग करने लिए उज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि पवन गौतम ने लखनऊ में आयोजित की गयी 67वीं उप्र पुलिस वार्षिक वैज्ञानिक अनुसंधान एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता-2024 में प्रोफेशनल फोटोग्राफी में गोल्ड मेडल, घटनास्थल निरीक्षण में सिल्वर मेडल, हुलिया बयान व वीडियोग्राफी में कांस्य मेडल प्राप्त किया गया है।

# नोएडा प्राधिकरण की टीम पर अतिक्रमणकारियों ने किया पथराव व मारपीट, पुलिस ने घटना से किया इनकार



नोएडा । औद्योगिक शहर नोएडा में अवैध कब्जाधारी प्राधिकरण की टीम पर भारी पड़ रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण की टीम पर अतिक्रमणकारियों द्वारा पथराव एवं मारपीट करने का मामला सामने आया है। वहीं कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने पथराव एवं मारपीट करने की घटना से इनकार किया है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस का कहना है कि आज थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बडौली में नोएडा प्राधिकरण की टीम अपने कार्य से गई थी। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं दी गई थी। कार्रवाई के दौरान नोएडा प्राधिकरण की टीम और किसान नेताओं के बीच में कहासुनी हुई थी। पुलिस कर्मियों के साथ कोई मारपीट नहीं हुई है। शांति व्यवस्था स्थापित है। तहरीर प्राप्त होने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी वहीं दूसरी तरफ आज नोएडा प्राधिकरण की टीम सेक्टर-154 ग्राम बडौली में अपने अधिसूचित क्षेत्र में हुए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी लेकर हटाने गई। इस बात की जानकारी किसान नेताओं को लग गई। नोएडा प्राधिकरण की इस कार्रवाई का लोगों ने विरोध किया। इसी बीच कुछ लोगों ने नोएडा प्राधिकरण के सुपरवाईजर व अन्य कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की की। इससे कुछ समय के लिए अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने मामले को शांत कराया। इस घटना की जानकारी प्राधिकरण कर्मचारियों ने सीईओ को दी है। बताया जा रहा है इस संबंध में सुपरवाईजर द्वारा थाने में मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

# किसानों की तुरंत रिहाई की मांग को लेकर सीटू सहित कई संगठनों ने डीएम कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश सरकार व गौतमबुधनगर पुलिस प्रशासन की सख्ती और प्रदर्शन को रोकने के लिए अपनाए गए तमाम हथकंडो के बावजूद मजदूर संगठन सीटू, जनवादी महिला समिति, संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा, किसान सभा आदि के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने जेल में बंद सभी किसानों की बिना शर्त रिहाई व अन्य समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को मुख्य वक्ता के रूप में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के सांसद कामरेड ए ए रहीम, जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष मरियम ढबले, दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव आशा शर्मा ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने हक अधिकारों को हासिल करने के लिए आंदोलन कर रहे किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने, किसानों को आतंकित करने के लिए घर-घर पुलिस भेजना, हाउस अरेस्ट करना, लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने से रोके जाने की कड़ी निंदा किया और गिरफ्तार सभी लोगों को तुरंत रिहा करने की मांग की। उक्त मुद्दे पर सीपीआईएम पार्टी के सांसद ए ए रहीम के नेतृत्व में सभी संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी मनीष वर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। उक्त पर हुई वार्ता में जिलाधिकारी द्वारा प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया की जेल में बंद किसानों से उनके परिजनों व वकीलों को मिलने की छूट दे दी जाएगी और 47 किसानों को आज रिहा कर दिया जाएगा तथा पुलिस घर-घर जाकर हाउस अरेस्ट नहीं करेगी और शेष सभी मुद्दों का जल्द समाधान निकाले जाने का आश्वासन प्रतिनिधि



मंडल को दिया। प्रदर्शन को जनवादी महिला समिति की जिला नेता आशा यादव, रेखा चौहान, गुड़िया देवी, सीटू नेता रामसागर, मनोज कुमार, रामस्वारथ, रामकिशन, टीकम सिंह, पारस रजक, हुकम सिंह, विकास कुमार, सुनील पंडित, लता सिंह, पूनम देवी, एचएमएस नेता रितेश कुमार झा, यूटीयूसी नेता सुधीर त्यागी, टीयूसीसी नेता उदय चंद्र झा, लॉयर्स यूनियन के नेता गजेंद्र सिंह खारी, अरुण प्रताप, मांगेराम भाटी, विनोद भाटी, किसान सभा के नेता पुष्पेंद्र त्यागी, शशांक भाटी, मनोज कुमार, सुरेंद्र यादव, गुरप्रीत एडवोकेट, जितेंद्र भाटी, तिलक देवी, भगत सिंह, सचिन भाटी, किसान नेता इरफान प्रधान सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि यदि किसानों की बिना शर्त रिहाई व उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो सभी संगठनों को एक साथ लेकर जनपद में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# 'गोल्ड लोन' देने वाली कंपनी की शाखा प्रबंधक ने किया लाखों रुपये का सोना गायब

नोएडा । नोएडा के सेक्टर 20 थानाक्षेत्र में 'गोल्ड लोन' उपलब्ध कराने वाली एक कंपनी की महिला प्रबंधिक ने धोखाधड़ी कर लाखों रुपए मूल्य के सोने के जेवरात का गबन कर लिया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक डी पी शुक्ल ने बताया कि 'ट्रूकैप फाइनेंशियल लिमिटेड' कंपनी की सेक्टर 18 स्थित शाखा के सहायक शाखा प्रबंधक जितेंद्र सिंह निगम ने बीती रात शिकायत दर्ज करायी कि सितंबर में शाखा प्रबंधक ज्योति शर्मा ने शाखा से 15 लाख रुपए के 'गोल्ड लोन' का पैकेट चुरा लिया। शुक्ल के अनुसार निगम ने इसकी सूचना अपने वरिष्ठों को दी जिसके बाद ज्योति शर्मा ने पूछताछ के दौरान अपनी गलती मान ली। ज्योति शर्मा जब पैकेट अपने कपड़ों में छुपा रही थी तब वह सीसीटीवी कैमरे में भी रिकार्ड हो गया। थाना प्रभारी के अनुसार ज्योति शर्मा ने चोरी किया गया पैकेट वापस करने का वादा किया तथा पैकेट वापस करने के नाम पर जब 'गोल्ड लोन' कंपनी के दो कर्मियों के साथ वह एक अपार्टमेंट में गई तब वह चकमा देकर वहां से फरार हो गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि बाद में जब शाखा में रखे बाकी 'गोल्ड लोन पैकेट' का ऑडिट किया गया, तो पता चला कि ज्योति शर्मा ने करीब एक करोड़ सात लाख रुपये का घोटाला किया है। थाना प्रभारी ने निगम के हवाले से बताया कि जब कंपनी के बड़े अधिकारियों ने ज्योति शर्मा से बात की तो उसने इस घोटाले को स्वीकार किया तथा कहा कि दो माह के अंदर गबन की गई रकम को वह वापस कर देगी। शुक्ल के मुताबिक शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच में यह सामने आया कि आरोपी शाखा प्रबंधक ने कुछ पैकेट से सोना चुराया है और कुछ सोना ग्राहकों को वापस देकर उनसे मिलने वाला पैसा अपने खाते में जमा कर लिया है। ज्योति शर्मा ने अपनी मां, रिश्तेदारों और मित्रों के साथ मिलकर उनके नाम पर 'लोन' बनाकर इस चोरी को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला मुख्यालय पर किसानों की जेल से रिहाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन, डीएम को ज्ञापन सौंपा

नोएडा । किसानों की तुरंत रिहाई की मांग को लेकर गुरूवार को सीटू सहित कई संगठनों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सीटू, जनवादी महिला समिति, संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा, किसान सभा सहित अन्य संगठनों ने जेल में बंद सभी किसानों की बिना शर्त रिहाई व अन्य समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग करते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों को मुख्य वक्ता के रूप में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के सांसद कामरेड एए रहीम, जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष मरियम ढबले, दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव आशा शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपने हक व अधिकारों को हासिल करने के लिए आंदोलन कर रहे किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने, किसानों को आतंकित करने के लिए घर-घर पुलिस भेजना, हाउस अरेस्ट करना, लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने से रोके जाने की उन्होंने कड़ी निंदा की और गिरफ्तार सभी लोगों को तुरंत रिहा करने की मांग की। इस दौरान सीपीआईएम पार्टी के सांसद एए रहीम



के नेतृत्व में सभी संगठनों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी मनीष वर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया की जेल में बंद किसानों से उनके परिजनों व वकीलों को मिलने की छूट दे दी जाएगी और 47 किसानों को आज रिहा कर दिया जाएगा

तथा पुलिस घर-घर जाकर हाउस अरेस्ट नहीं करेगी और शेष सभी मुद्दों का जल्द समाधान निकाले जाने का आश्वासन उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को दिया। प्रदर्शन के दौरान सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, जनवादी महिला समिति की जिला नेता आशा यादव, रेखा चैहान, गुड़िया देवी, सीटू नेता रामसागर, मनोज कुमार, रामस्वारथ, रामकिशन, टीकम सिंह, पारस रजक, हुकम सिंह, विकास कुमार, सुनील पंडित, लता सिंह, पूनम देवी, एचएमएस नेता रितेश कुमार झा, यूटीयूसी नेता सुधीर त्यागी, टीयूसीसी नेता उदय चंद्र झा, लॉयर्स यूनियन के नेता गजेंद्र सिंह खारी, अरुण प्रताप, मांगेराम भाटी, विनोद भाटी, किसान सभा के नेता पुष्पेंद्र त्यागी, शशांक भाटी, मनोज कुमार, सुरेंद्र यादव, गुरप्रीत एडवोकेट, जितेंद्र भाटी, तिलक देवी, भगत सिंह, सचिन भाटी, किसान नेता इरफान प्रधान सहित अन्य मौजूद रहें।

# लाखों छात्र-छात्राओं ने एक साथ गीता का पाठ कर रचा इतिहास



नई दिल्ली । गीता जयंती के अवसर पर पूज्यनीय गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में गीता जयंती पर करोड़ों भारतवंशियों और लाखों छात्र-छात्राओं ने एक साथ गीता म का पाठ कर इतिहास रचा। कार्यक्रम में गीता के पहले, नौंवे और 18वें अध्याय का पाठ किया गया। गीता पाठ में स्कूली बच्चे, शिक्षक, अभिभावकों के अलावा कई धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के द्वारा स्कूली छात्रों ने गीता उपदेश पर आधारित नाट्य मंचन किया गया। सम्पूर्ण रामायण को हजारों राम भक्तों ने सराहा। वहीं, इस अवसर पर हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री राजेश नागर, विधायक सावित्री जिंदल, सुचित्रा विकास बोर्ड के सदस्य डॉ. ऋषिपाल, जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने अंतरराष्ट्रीय रामलीला कमेटी के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन व अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन की संयोजिका वंदना टंडन को सम्मानित किया गया। डॉ. वेद टंडन ने इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता के लिए सभी स्कूलों और कॉलेजों के प्रशासन और स्टाफ, मंदिरों के पुजारियों और प्रबंधन समितियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के पदाधिकारियों, संगठनों, और उन सभी व्यक्तियों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपनी सहभागिता और सहयोग से इस एक मिनट एक साथ गीता पाठ को अभूतपूर्व बनाया। उनका समर्पण गीता के अमृतमय ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरक उदाहरण है।

उन्होंने बताया कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति और गीता के शाश्वत संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरणादायक प्रयास सिद्ध हुआ, जो भारत की आध्यात्मिक एकता और गौरव का प्रतीक बना। इस अवसर पर राजेश नागर, सावित्री जिंदल, सुभाष सुधा, उपेंद्र सिंघल, मदन मोहन छाबड़ा, विजन नरूला, नेहा सिंह, वरुण सिंघला, डॉ. ऋषिपाल, अशोक रोशा, एम के मुठ्विल, सुशील राणा, पंकज सेटिया आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती दो लड़कों के बीच हुआ विवाद, एक को चाकू मारकर उतारा मौत के घाट

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा के एक नशा मुक्ति केंद्र के अंदर भर्ती दो युवकों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि एक युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर दूसरे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला बोल दिया और उसे लहूलुहान कर दिया। जब घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया तो उसकी मौत हो गई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि 12 दिसंबर को ग्राम समाधिपुर नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती दो लड़कों में आपस में विवाद हो गया। ये विवाद इतना बढ़ गया कि मजरूब



अरविंद (27) निवासी जूनपत को विपक्षी मोहित रावल (24) निवासी ग्राम घोड़ी बछेड़ा और लक्की भाटी (25) ग्राम डेढ़ा ने चाकू से गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना की जानकारी होते ही नशा मुक्ति केंद्र का मैनेजर रॉबिन घायल युवक को अस्पताल ले गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा मजरूब को मृत घोषित कर दिया गया। इस मामले में थाना दादरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है। पुलिस ने मोहित रावल व लक्की को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में नशा मुक्ति केंद्र के अंदर भर्ती और मरीजों से पूछताछ शुरू की है इसके साथ-साथ मैनेजर से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी हुई है कि आखिर किस बात पर यह विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि विपक्षी युवकों ने युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

# पांच साल की एक बच्ची की बलात्कार के हत्या करने के जुर्म में एक व्यक्ति को उम्रकैद

नोएडा । गौतमबुद्ध नगर जनपद की एक अदालत ने पांच साल की एक बच्ची की बलात्कार के बाद हत्या करने के जुर्म में एक व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनायी है। सहायक शासकीय अधिवक्ता जे पी भाटी ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश (पास्को-दो) सौरव द्विवेदी की अदालत ने आरोपी अमित को दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी और उसपर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। भाटी ने बताया कि नवंबर 2012 में सेक्टर 39 थानाक्षेत्र की पांच वर्षीय इस बच्ची को अमित ने अगवा करके उसके साथ बलात्कार किया था और उसके बाद उसकी हत्या कर दी थी। भाटी के अनुसार जब अमित शव को दफना रहा था, तभी वहां पर कुछ लोग पहुंच गए थे तथा उन्होंने आरोपी को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी अमित के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने सभी पक्षों को सुनने के बाद बुधवार को अमित को दोषी पाया तथा उसे आजीवन कारवास की सजा सुनायी एवं उसपर 30 हजार



रुपए का जुर्माना भी लगाया। अमित को उम्रकैद होने पर बच्ची के परिजनों ने न्यायालय और पुलिस का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि आरोपी के उम्रकैद होने पर उन्हें कानून पर विश्वास पैदा हुआ है।

# नोएडा की जेल में बंद किसानों से नहीं मिला सपा का 16 सदस्ययी प्रतिनिधिमंडल, पुलिस ने रोका, डीएम से कराई वार्ता

नोएडा । लुक्सर जेल में बंद आंदोलनकारी किसानों से मुलाकात करने के लिए जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को पुलिस ने गुरूवार को डीएनडी फ्लाईओवर पर रोक दिया गया। इस दौरान किसानों से मुलाकात करने पर अड़े सपा के 16 सदस्ययी प्रतिनिधि मंडल एवं पुलिस अधिकारियों में तीखी नोंक-झोंक हुई। बाद में प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्य सूरजपुर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर पहुंचे, जहां उन्होंने जेल में बंद किसान नेताओं के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने किसानों की इस लड़ाई में सपा द्वारा हर संभव मदद किए जाने का आश्वासन दिया। उसके बाद पुलिस जॉइंट कमिश्नर एवं जिलाधिकारी से मुलाकात कर किसानों को बिना शर्त रिहाई करने की मांग की। वार्ता के दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा बिना शर्त किसानों की शीघ्र रिहाई करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि जेल में बंद किसानों से मुलाकात करने से रोका जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। भाजपा सरकार सरेआम लोकतंत्र की हत्या कर रही है। आज उत्तर प्रदेश में आपातकाल जैसे हालात हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ जेल में दुर्व्यवहार और उत्पीड़न हो रहा है। सच्चाई सामने आ जाने के डर से किसानों से मुलाकात नहीं करने दी जा रही। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके अधिकारों से वंचित किए जाने एवं उन पर हो रहे अत्याचार के मुद्दे को समाजवादी पार्टी संसद में उठाएगी। इस मौके पर सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार किसानों पर अत्याचार हो रहे हैं। सरकार उनको उनके अधिकारों से वंचित कर उनका शोषण कर रही है उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ आतंकियों जैसा वर्ताव कर रही है। इस मौके पर सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि किसानों की इस लड़ाई में समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी




है एवं आंदोलनकारी किसानों कि बिना शर्त रिहाई के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। इस मौके पर विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों का किसी भी तरह का शोषण नहीं होने देगी। जनपद गौतमबुद्ध नगर में किसानों पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में वह गौतम बुद्ध नगर के किसानों की आवाज पूरे जोर-जोर से उठाएंगे। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर उन्हें रिपोर्ट सौंप कर किसानों पर हो रहे अत्याचार से अवगत कराएंगे। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, फकीरचंद नागर, गजराज नागर, सुनील चैधरी, वीर सिंह यादव, इन्दर प्रधान, महेंद्र नागर, आश्रय गुप्ता, सुनील देवटा, नरेंद्र नागर सुधीर तोमर सहित अन्य शामिल रहे।

# संन्यास आवरण नहीं आचरण का विषय - राजेश्वरानंद



नई दिल्ली । संन्यास में संसार नहीं आसक्ति छोड़ने के मार्गयह संदेश दिया स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज ने गोरख पार्क शाहदरा स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में आयोजित संन्यास महोत्सव में भक्तसमूह को। दरबार के प्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि 25वर्ष पूर्व ब्रह्मलीन सदगुरु श्री राजमाता जी महाराज के देहावसान के बाद आज के दिन ही स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज को संतो महात्माओं द्वारा दरबार की व्यासपीठ पर आसीन करके जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिसको दरबार के संन्यास दिवस के रुप में मनाया जाता है। विगत चार दिनों से चल रहे संन्यास महोत्सव में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसके समापन समारोह में आज स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज एवं गुरु माता जी द्वारा सर्व मंगल मांगले मंत्रोचरण की गूंज के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित की गई। जय दुर्गे जागरण मंडल के सदस्यों ने महंत धीरज हलचल के नेतृत्व में संगीतमय सुंदरकांड जी का अखंड पाठ किया। क्षेत्र के प्रसिद्ध महिला मंडल जय माता कीर्तन मंडल की डॉली क्वात्रा, पूजा कोहली के नेतृत में सखियां दीवानी श्याम की, पूनम मलिक के नेतृत्व में राधा रानी संकीर्तन मंडल, सीमा सोनी एवं सहयोगियों ने श्रद्धा भक्ति कीर्तन मंडल के सदस्यों के साथ भजन प्रस्तुति दी गई। प्रसिद्ध नृत्य नाटिका कलाकार सलोनी अरोड़ा द्वारा राधा कृष्ण लीला पर आधारित मनमोहक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। स्वामी जी के शिष्य परिवार के बालक आरोह शर्मा द्वारा विगत दिनों देश विदेश में जिम्नास्टिक की अनेक प्रतियोगियों में स्वर्ण पदक जीते गए जिसके प्रोत्साहन हेतु भाल पर तिलक, गले में मोतियों की माला, शॉल ओढ़ाकर प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करते हुए आशीर्वाद दिया गया। महोत्सव में 51 युवा बहनों को आत्मरक्षा हेतु शिवास्त्र धारण कराते हुए स्वामी जी ने कहा कि भगवान शिव के इस उपहार को सदा अपने साथ रखें जोकि किसी भी अनहोनी के हालात में साक्षात काली का रूप धारण करने की याद दिलाता रहेगा। राम वोहरा ने बताया कि संन्यास महोत्सव में विशेष रूप से जापान शिष्टमंडल की सदस्या अत्सुको किंजो एवं रिया सातो ने प्रसिद्ध हिंदी जापानी दुभाषिए भूपेंद्र वर्मा के माध्यम से भक्तों को जल जागरूकता अभियान के अंतर्गत जल प्रदूषण से होने वाले नुकसान एवं इनके बचावों से अवगत कराया तो दूसरी तरफ स्वामीजी की इसराइली शिष्या मिशेल एरलिच ने बताया कि स्वामीजी से प्राप्त आध्यात्मिक ज्ञान के द्वारा इसराइल युद्ध के दौरान कैसे आत्मबल को मजबूत किया। संघ के स्वयंसेवक योगेश गुप्ता ने आए हुए भक्तों को जीवन में सुंदर स्वस्थ समाज की परिकल्पना हेतु पंच परिवर्तन पर संदेश देते हुए आहार, व्यवहार, संस्कार, संयुक्त परिवार का संदेश दिया। इस अवसर पर भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि मात्र बाहरी परिवर्तन से संन्यास का कोई विशेष संबंध नहीं बल्कि मुख्य रूप से भीतरी परिवर्तन, सोच पर निर्भर करता है। बाहरी वेश या वस्त्र परिवर्तन तो संदेश देते है कि अमुक व्यक्ति का जीवन केवल ओर केवल समाज को समर्पित है। महोत्सव में आए हुए भक्तों के लिए भंडारे में विशेष रूप से भजनों के जयकारे के साथ स्वाद के चटकारे चाट पकौड़ी महोत्सव आयोजित किया गया जिसका भक्तों ने भरपूर मजा उठाया। भाजपा नेता जय भगवान गोयल, रितेश सूजी समाज सेवी राहुल वशिष्ठ भागचंद माहेश्वरी प्रियंका सक्सेना निर्मल गुप्ता जी आदि अनेक राजनेता समाजसेवी धार्मिक संतों महात्माओं ने उपस्थिति दर्ज कराई।

# दिव्यांगों और बुजुर्गों को कृत्रिम अंग वितरित किये गए - जितेन्द्र महाजन



नई दिल्ली । रोहतास नगर विधान सभा में 400 से अधिक दिव्यांगों, बुजुर्गों को भारत सरकार के उपक्रम इलिंबको के सहयोग से कृत्रिम अंग, बैटरी ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कान के सुनने की मशीन, छड़ी, आदि बाटे गए। रोहतास नगर के विधायक जितेंद्र महाजन के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से इन लाभार्थियों का चयन पिछले दिनो तीन शिविर लगा कर किया गया था। इन शिविरों में इलिंबको के सहयोग से ऐसे जरूरतमंद बुजुर्गों, और दिव्यांगों की पहचान की गई थी। जो गरीब है और गरीबी रेखा से नीचे जीवन जी रहे हैं। और जिन्हे इस प्रकार के सामान की आवश्यकता है। आज के कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों के ई श्रम कार्ड, प्रधान मंत्री स्वनिधि लोन, जीरो बैलेंस के बैंक खाते, आदि की सुविधा भी जनता को दी गई। आज के कार्यक्रम में राम नगर के निगम पार्षद चंद्र मोहन शर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुरेन्द्र शर्मा, हितेश सिंह, दीपक शुक्ला, हितेश, संगीता चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के जुर्म में एक व्यक्ति को 10 साल की कैद, उसके माता-पिता को सात साल का कारावास



महाराजगंज । महाराजगंज की एक अदालत ने 2019 में दहेज की खातिर अपनी पत्नी की हत्या करने के जुर्म में एक व्यक्ति को 10 साल की कैद तथा उसके माता-पिता को सात साल की कैद की सजा सुनायी है। अदालत ने दहेज विवाद में शीला को कर दी गयी हत्या के सिलसिले में उसके पति त्रिभुवन विश्वकर्मा (28), ससुर विपिन चंद विश्वकर्मा (58) और सास सोनमती विश्वकर्मा (55) को साजिश रचने का दोषी पाया। यह वारदात त्रिभुवन से उसकी शादी के तीन साल बाद हुई थी। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने कहा, ''अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रताप सिंह ने सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 8,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।''अदालत के अनुसार, अगर वे जुर्माना अदा करने में विफल रहते हैं, तो दोषियों को दो महीने की अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। पुलिस के अनुसार मामला 27 सितंबर, 2019 का है, जब कुशीनगर जिले की रहने वाली शीला शर्मा की बीजापुर पांडे गांव में ससुराल में गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस जांच में पता चला कि 1.30 लाख रुपये दहेज की मांग शीला द्वारा इनकार करने के कारण उसकी हत्या कर दी गयी। शीला के पति त्रिभुवन विश्वकर्मा द्वारा दहेज की मांगी गई थी। शीला की मां चंद्रिका शर्मा ने कोठीभार थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करायी। जांच के बाद, पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया, जिसके बाद उन्हें दोषी ठहराया गया और सजा सुनाई गई।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर ईसीआई ने अधिकारियों संग की बैठक



नई दिल्ली । दिल्ली में अगले साल फरवरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को चुनाव आयोग ने दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी व जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची में संशोधन अभियान और चुनाव से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली में चुनाव फरवरी माह के पहले या दूसरे सप्ताह में मतदान हो सकते हैं। हालांकि अभी इस पर आधिकारी बयान आना बाकी है। वहीं दिल्ली में वोटरों के नाम कटने पर सियासत जारी है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने शिकायत करते हुए कहा कि दिल्ली में वोटर्स के नाम एक षड्यंत्र के तहत हटाए गए हैं। अपने पत्र में केजरीवाल ने आप के प्रतिनिधिमंडल को दिए गए आश्वासन का जिक्र भी किया है। आप प्रतिनिधिमंडल ने की थी चुनाव आयोग से शिकायत इससे पहले बुधवार को आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में आप नेताओं का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंचा था। इस दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों को अपने आरोपों के हक में 3000 पेजों के दस्तावेज सौंपे गए। प्रतिनिधिमंडल में सीएम आतिशी, संजय सिंह, पंकज गुप्ता, जस्मीन शाह और रीना गुप्ता आदि मौजूद थे। वोटरों के नाम हटाने के पीछे भाजपा चुनाव आयोग से बाहर निकलने के बाद मीडिया के समक्ष केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा दिल्ली में लोगों के वोट कटवाकर एक नागरिक के रूप में मिले उनके अधिकारों को छीन रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई विधानसभा क्षेत्रों में हजारों मतदाताओं के नाम काटने के लिए आवेदन किए हैं। इनमें ज्यादातर गरीब, अनुसूचित जाति, पूर्वांचली हैं, जो झुग्गियों और कच्ची कॉलोनियों में रहते हैं। चुनाव आयोग ने आप की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वोट काटने की कार्रवाई बंद हो केजरीवाल के मुताबिक, उन्होंने चुनाव आयोग के सामने रखा कि कैसे शाहदरा में भाजपा के एक पदाधिकारी ने चोरी-छिपे 11008 लोगों के नाम कटवाने के लिए आयोग को लिस्ट दी। जनकपुरी में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने 4874 वोट काटने के लिए आवेदन किए हैं। इसी तरह अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों का भी यही हाल है। हमारी मांग थी कि बड़े स्तर पर वोट काटने की कार्रवाई बंद की जाए। अभी चुनाव आयोग ने समरी रिवीजन की है। जिन-जिन लोगों ने इस किस्म के आवेदन किए हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। चुनाव आयोग का आया जवाब चुनाव आयोग ने कहा है कि चुनाव से पहले किसी का नाम वोटर लिस्ट से नहीं निकाला जाएगा। इस बीच जरूरी होने पर अगर ऐसा करना पड़े तो लिस्ट के आधार पर नहीं किया जाएगा, किसी को भी अगर डिलीशन कराना है तो उसे फॉर्म 7 भरना पड़ेगा, उसी के आधार पर डिलीशन होगा। अगर चुनाव आयोग तय करता है कि कोई डिलीशन होना है, तो उस पर पहले फील्ड इन्क्वायरी होगी। फील्ड इन्क्वायरी में बीएलओ अपने साथ बाकी पार्टियों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों को भी लेकर जाएंगे।

# महाकुंभ में आएंगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, योगी आदित्यनाथ ने भेजा निमंत्रण



पटना । प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुंभ 2025 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां अंतिम दौर में है। निमंत्रण पत्र भी भेजे जाने लगे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने न्योता भेजा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा सहित बिहार सरकार के अन्य मंत्रियों को भी महाकुंभ में शामिल होने के लिए न्योता भेजा गया है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सचान और दयाशंकर सिंह गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुलाकात की। इस दौरान योगी सरकार के मंत्रियों ने महाकुंभ में आने के लिए उन्हें निमंत्रण पत्र भेंट किया। योगी सरकार में मंत्री राकेश सचान ने कहा, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रयागराज में भव्य रूप से महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को निमंत्रण देने के लिए आए हैं। मुख्यमंत्री के अलावा हम लोगों ने बिहार के राज्यपाल को भी आमंत्रित किया है। इसके अलावा बिहार सरकार में मंत्रियों को भी आमंत्रण देते हुए आग्रह किया है कि बिहार सरकार से ज्यादा से ज्यादा लोग महाकुंभ कि दिव्यता को देखें। उन्होंने कहा है कि महाकुंभ के लिए हम लोग विपक्षी दलों को भी आमंत्रित कर रहे हैं। योगी सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा है कि महाकुंभ के निमंत्रण को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा है कि वह महाकुंभ में जरूर आएंगे। इसके अलावा बिहार के करोड़ों लोग महाकुंभ में जाएंगे और अपने जीवन को धन्य करेंगे। प्रयागराज में महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होगा और 26 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान चार राजसी स्नान होंगे। महाकुंभ को भव्यता प्रदान करने के लिए योगी सरकार द्वारा विशेष तौर पर तैयारी की जा रही है।

# राजस्थान में बोरवेल में गिरे बच्चे की मौत, 56 घंटे के प्रयासों के बाद निकाला गया शव



जयपुर । प्रशासनिक अधिकारियों, एनडीआरएफ के जवानों और स्थानीय लोगों की अथक मेहनत के बावजूद बोरवेल में गिरे पांच साल के बच्चे को सकुशल नहीं निकाला जा सकता। लगातार 56 घंटे की कोशिश के बाद बुधवार देर रात जब वे बच्चे के पास पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। नांगल राजावतान के उपखंड अधिकारी यशवंत मीणा के मुताबिक, बच्चे का आज पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना दौसा जिले के कालीखाड़ गांव में सोमवार दोपहर हुई जब पांच साल का आर्यन खेत में खेल रहा था और अपनी मां के सामने ही गलती से खुले बोरवेल में गिर गया। अपने खेत में रोजाना की तरह काम कर रही गुड्डी देवी को जरा भी अंदाजा नहीं था कि उसका बेटा पल भर में 150 फुट गहरे बोरवेल में फंस जाएगा। वह कुछ समझ पाती इससे पहले तो आर्यन उस गड्ढे में समा चुका था जो अंततः उसके लिए 'मौत का कुआं' साबित हुआ। बचाव अभियान के दौरान गुड्डी देवी बार-बार बेहोश हो रही थी और होश में आने पर अपने बेटे के बारे में पूछती रही। उसके पिता उस पल को कोस रहे थे जब उन्होंने तीन साल पहले यह बोरवेल खोदा था, जो कभी शुरू नहीं हो सका। उनके ही खेत में खुला बोरवेल बच्चे की मौत का कारण बन गया। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार दोपहर को घटना के एक घंटे बाद शुरू हुआ बचाव अभियान 56 घंटे बाद आर्यन का शव निकालने के साथ खत्म हुआ। घटनास्थल पर लगातार डेरा डाले लोगों को उम्मीद थी कि बच्चे को बचा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर, दौसा, सवाई माधोपुर से मंगाई गई ड्रिलिंग मशीनों और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के साथ स्थानीय लोगों के प्रयासों से खुदाई का काम पूरा हुआ। बचाव अभियान में शामिल एक अधिकारी ने बताया, अभियान में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सबसे पहले रस्सी फेंक कर बच्चे को बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बीच बोरवेल के पास ही खुले मैदान में खुदाई का काम शुरू हुआ, ताकि आर्यन को बाहर निकालने के लिए 150 फुट गहरी सुरंग बनाई जा सके। उन्होंने बताया कि आर्यन को पर्याप्त ऑक्सीजन मिले, इसके लिए ऑक्सीजन पाइप डाली गई और उसकी हरकतों को देखने के लिए कैमरा भी लगाया गया, लेकिन भूमिगत पानी के कारण बच्चे की हरकतों पर लगातार नजर रखना संभव नहीं था। खुदाई के काम के बीच कुछ स्थानीय लोग रस्सी और अन्य उपकरणों की मदद से उसे बाहर निकालने की कोशिश करते रहे। आखिरकार कल रात बच्चे को उस बोरवेल से बाहर निकाला गया जिसमें वह गिरा था। हालांकि सभी की उम्मीदें तब टूट गईं जब जिला अस्पताल के डॉक्टर ने आर्यन को मृत घोषित कर दिया। बच्चे को बाहर निकाले जाने के समय वहां लोगों की भारी भीड़ थी जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बच्चे को तुरंत 'एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम' से लैस एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने सभी जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# बीते ढाई वर्षों मेरे काम को रोकने का हुआ प्रयास - उपराज्यपाल




नई दिल्ली । दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार को कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान उन पर सबसे ज्यादा व्यक्तिगत हमले किए गए। दिल्ली में गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह और स्थापना दिवस के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने ये टिप्पणी की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दिल्लीवासियों की भलाई के लिए काम करने की उनकी प्रतिबद्धता तमाम बाधाओं के बावजूद अटूट बनी हुई है। छात्रों से बात करते हुए उन्होंने कहा, याद रखें, समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले निर्णय लेना आसान नहीं है। आपको यथास्थिति बनाए रखने में निहित स्वार्थ वाले लोगों से अनुचित आलोचना और चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। कहा जाता है कि बड़े निर्णय लेते समय, डर महसूस होना स्वाभाविक है, लेकिन डर के कारण कार्य न करना गलत कदम है। एलजी सक्सेना ने कहा, मैं अपना अनुभव साझा करना चाहूंगा। पिछले ढाई वर्षों में, मुझे वह काम करने से रोकने के कई प्रयास किए गए हैं जो मुझे लगता है कि अच्छा है। इस दौरान मुझे प्रताड़ित किया गया। तमाम आरोपों और व्यक्तिगत हमलों के बावजूद दिल्ली और यहां रहनेवाले लोगों की भलाई के लिए काम करने की मेरी प्रतिबद्धता मजबूत रही है, इसलिए मैं कभी नहीं रुका और अपने लक्ष्य की दिशा में काम करता रहा। उन्होंने देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की भूमिका पर भी जोर दिया। एलजी सक्सेना ने कहा, आपको अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने प्रयासों में लगातार और अटूट रहना चाहिए। हमेशा लोगों के व्यापक हित में काम करना चाहिए। आप पर देश की वृद्धि और वैश्विक मंच पर इसकी स्थिति में योगदान करने की जिम्मेदारी है। आइए आशा करते हैं कि इस दिशा में यूनिवर्सिटी अपना काम जारी रखेगा।

# दिल्ली-एनसीआर में कोल्ड वेव की दस्तक, न्यूनतम तापमान 4 डिग्री पहुंचा



नोएडा । दिल्ली-एनसीआर में कोल्ड वेव की दस्तक हो चुकी है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में 12 दिसंबर की सुबह न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दिल्ली के न्यूनतम तापमान में आगे और भी गिरावट की संभावना जताई जा रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बर्फ से ढकी पहाड़ियों से आ रही ठंडी हवाओं और साफ आसमान के कारण तापमान में गिरावट आई है। ये गिरावट बुधवार से ही शुरू हो गई थी। बुधवार सुबह न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। गुरुवार सुबह तापमान 4 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, 13 दिसंबर (शुक्रवार) को भी न्यूनतम पारा 4 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। इसके बाद धीरे-धीरे न्यूनतम एक-एक डिग्री ऊपर चढ़ेगा। मौसम विभाग ने 17 दिसंबर से एनसीआर में घने कोहरे के साथ-साथ कड़ाके की ठंड की संभावना भी जताई है। लगातार बढ़ती ठंड के साथ-साथ दिल्ली समेत पूरे एनसीआर का मौसम भी साफ बना हुआ है, जिसकी वजह से पारे में ज्यादा गिरावट दर्ज की जा रही है। बता दें कि इस बीच नोएडा में एक्यूआई 110 के आसपास और ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 150 के आसपास बना हुआ है। जबकि दिल्ली में औसत एक्यूआई 265 दर्ज किया गया है।

दिल्ली के तीन से चार इलाके ऐसे हैं जहां पर एक्यूआई 300 के पार पहुंचा हुआ है। बाकी सभी इलाकों में एक्यूआई 300 के नीचे ही दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अचानक पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर एनसीआर वालों को देखने को मिल रहा है।

लोगों को अभी तक ज्यादा सर्दी का अहसास नहीं हुआ था, लेकिन बुधवार सुबह से ही कड़ाके की ठंड का अहसास होना शुरू हो गया है।

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात



नई दिल्ली । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनके मार्गदर्शन में राज्य को विकास के 'अगले स्तर' पर ले जाने की प्रतिबद्धता जताई। फडणवीस ने पांच दिसंबर को मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री से मुलाकात की है। फडणवीस ने 'एक्स' एक पोस्ट में कहा, ''पिछले 10 वर्षों में, आपके समर्थन से महाराष्ट्र लगभग हर क्षेत्र में नंबर एक है और अब आपके नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकास की इस यात्रा को अगले स्तर पर ले जाने का लक्ष्य है।''उन्होंने कहा कि वह मोदी के बहुमूल्य समय, मार्गदर्शन, आशीर्वाद और महाराष्ट्र के साथ मजबूती से खड़े होने के लिए उनके अत्यंत आभारी हैं। उन्होंने कहा, ''आप हम जैसे करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा प्रेरणा रहे हैं कि वे और अधिक मेहनत करें।''भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली महायुति ने पिछले महीने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की थी।

भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन ने 230 सीटें जीती जबकि गठबंधन में शामिल छोटे दलों ने पांच सीटें जीती हैं। विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन 288 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीटों पर सिमट गया। मोदी पिछले सप्ताह मुंबई में फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

# राजस्थान में कड़ाके की सर्दी, फतेहपुर में तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस



जयपुर । राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है जहां बुधवार रात फतेहपुर कस्बे में सबसे कम तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बीती रात सीकर शहर में न्यूनतम तापमान एक डिग्री रहा जबकि चूरू और करौली में न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राज्य के पिलानी में रात का तापमान 2.6 डिग्री, अलवर में तीन डिग्री सेल्सियस, डबोक (उदयपुर) में 5.1 डिग्री, अजमेर और भीलवाड़ा में 5.9 डिग्री, वनस्थली (टोंक) में 6.6 डिग्री, जयपुर में 6.8 डिग्री, जैसलमेर में 7.8 डिग्री और बाड़मेर में 10.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर भीषण शीतलहर का अनुमान व्यक्त किया है।

# बांग्लादेश के 78 लोगों को वापस भेजा जाएगा- ओडिशा पुलिस



भुवनेश्वर । ओडिशा पुलिस ने भारतीय समुद्री सीमा में कथित रूप से प्रवेश करने पर तटरक्षक बल द्वारा पकड़े गये 78 बांग्लादेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पारादीप के पुलिस उपाधीक्षक संतोष जेना ने बुधवार को बताया कि जब सत्यापन के दौरान यह पता चला कि ये बांग्लादेशी मछुआरे हैं, तब यह निर्णय लिया गया। इन बांग्लादेशी नागरिकों से भारतीय तटरक्षक बल, ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने पूछताछ की। भारतीय तटरक्षक बल इन मछुआरों को पारादीप लाया था और फिर उसने उन्हें स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि निर्णय के अनुसार पुलिस बांग्लादेशी नागरिकों को तटरक्षक बल के अधिकारियों के हवाले करेगी और फिर उन्हें अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास बांग्लादेश तटरक्षक बल को सौंप दिया जाएगा। दो गिरफ्तार बांग्लादेशियों- राजीव चंद्र सिल और आर विश्वास ने कहा कि ओडिशा में पुलिसकर्मियों एवं अन्य सुरक्षाकर्मियों ने उनके साथ 'अच्छा बर्ताव' किया तथा उन्हें भोजन भी दिया।

# जम्मू कश्मीर के राजौरी में सैनिक ने खुद को मारी गोली



जम्मू । जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के एक जवान ने कथित रूप से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मंजाकोटे क्षेत्र के अंजावली गांव में अपने 'कैंप' में 'संतरी' की ड्यूटी कर रहे हवलदार इंदेश कुमार ने मंगलवार देर शाम अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने कहा कि सैनिक ने यह कदम क्यों उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों के अनुसार पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की है।

# आयुष्मान योजना बन रही है सफेद हाथी - कमलनाथ

भोपाल । मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आयुष्मान योजना पर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह योजना सफेद हाथी बन रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य में कई बीमारियों को निजी अस्पतालों में इलाज से बाहर किए जाने को लेकर कहा कि आयुष्मान योजना धीरे-धीरे सफेद हाथी बनती जा रही है। मध्य प्रदेश में 196 बीमारियों को निजी अस्पतालों में इलाज से बाहर कर दिया गया है। दूसरी तरफ सरकारी अस्पतालों में उपचार की समुचित व्यवस्था नहीं है। मलेरिया, मोतियाबिंद का ऑपरेशन, छोटे बच्चों की बीमारी, बुजुर्गों की कई बीमारियां निजी अस्पतालों में इलाज से बाहर कर दी गई हैं। कमजोर और गरीब वर्ग की समस्याओं और राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा, बडी संख्या में बीमारियों को निजी अस्पतालों में उपचार से बाहर करने से आयुष्मान कार्ड धारक उपचार कराने के लिए परेशान हो रहे हैं। मध्य प्रदेश पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में निचले पायदान पर है और उस पर आयुष्मान कार्ड का अप्रभावी हो जाना लोक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत चिंता का विषय है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ने आमजन के अधिकारों का हवाला देते हुए कहा कि स्वास्थ्य की रक्षा करना और अच्छा उपचार कराना हर नागरिक का मूलभूत अधिकार है। मुख्यमंत्री इस विषय में गंभीरता से विचार करें और एक कमेटी बनाकर बहुत सारी बीमारियों को दोबारा से निजी अस्पतालों में उपचार के लिए खोला जाएं। जो अस्पताल आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग कर रहे हैं, उन पर निश्चित तौर पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मध्य प्रदेश के जरूरतमंद नागरिक उपचार से वंचित कर दिए जाएं। ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने कई बीमारियों को आयुष्मान योजना से बाहर किया है। सरकार के इस कदम पर पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया है।